जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

अजमेर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

अजमेर, गुरुवार 4 अप्रेल, 2024




कम डाउन पेमेंट ₹4999^ | EMI ₹2699^ से शुरू | कम ब्याज दर 9.99%* से शुरू | Hero GoodLife अतिरिक्त कैश डिस्काउंट ₹2000˘ तक | INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* | 6000^^ km OR 6 Months Service interval | टोल फ्री 1800 266 0018 | Hero FINCORP | IDFC FIRST Bank

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **As per the cumulative dispatch number till March 2023. #Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2022 - Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market (CY22). ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. *Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only. ˘On successful redemption of Hero GoodLife Sales Voucher. Offer valid for eligible Hero GoodLife Members only. For more details, please visit your nearest authorised Hero outlet. ^^Terms and Conditions apply. ˇStarting price of Splendor+ Drum Brake Kick Start in Jaipur.

**अधिकृत डीलर:** अजमेर: रेलन हीरो, ब्यावरा रोड़, 9289922455, नागौर: धारणिया हीरो, 9289922199, ब्यावर: मंगलम हीरो, 9289922700, किशनगढ़: अमित हीरो, 9289923056, मेड़ता सिटी: जय राना हीरो, 9289922841, कुचामन सिटी: राज हीरो, 9289923111, **एडिशनल वर्कशॉप:** अग्रवाल मोटर, **गोविन्दम गार्डन के सामने, वैशाली नगर, अजमेर,** 7340682990, 7340683990, **अधिकृत सर्विस पाइंट :** ब्यावर: मंगलम ऑटोमोबाईल, 01462-258421, 9251321000, विजय नगर: कमल ऑटोव्हील्स, 01462-231761, 7014040994, केकड़ी: अग्रवाल ऑटो स्पेयर्स, सावर रोड़, 7023812796, **डीडवाना:** जाँगिड मोटर्स, 01580 223043 **सरवड़:** कृष्णा मोटर्स, 230831, 9214030048, गोटन: मारुति मोटर्स, 8448389648, मसूदा: बालाजी मोटर्स, 01462-266692 9950437559, डेगाना: शुभम मोटर्स, 8107676760, मकराना: राज ऑटो एजेंसी, 9462523111 **(Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler)** अजमेर: रेलन हीरो, ब्यावरा रोड़, 9289922455, ब्यावर: मंगलम हीरो, 9289922700

## विचार बिन्दु

**जिस तरह घोंसला सोती हुई चिड़िया को आश्रय देता है उसी तरह मौन तुम्हारी वाणी को आश्रय देता है। –रवींद्रनाथ ठाकुर**

# चुनाव प्रचार अभियान में मोल-तोल के बोल दिखाएंगे अपना असर

समूचा देश अब चुनावमय हो गया है। एक तरफ भारतीय जनता पार्टी नित गठबंधन 400 पार का नारा बुलंद कर चुनाव अभियान को धार दे रही हैं तो दूसरी और विपक्षी गठबंधन इंडी भाजपा को सत्ताच्युत करने का लक्ष्य लेकर चुनाव अभियान को गति दे रहे हैं। पहले चरण के नामांकन का कार्य पूरा होने और दूसरे चरण के लिए नामांकन में तेजी के साथ ही अब चुनावी मोर्चे पर सभी दल जुट गए हैं। एक और तीसरी बार भी मोदी सरकार का लक्ष्य है तो दूसरी ओर विपक्ष मोदी सरकार को सत्ता से हटाने का लक्ष्य लेकर चुनावी जंग में आमने-सामने आ डटे हैं। दोनों ही पक्षों के पास जनता यानी कि मतदाता को अपने पक्ष करना और मतदाता का वोट अपने पक्ष में करने की बड़ी चुनौती है। अब चुनावी माहौल में सबसे बड़ी चुनौती मोल-तोल के बोल की हो गई है तो दूसरी ओर अपना पक्ष जनता के सामने रखने की हो गई है। एक बात साफ होनी चाहिए कि जनसभा या जनता से किसी भी माध्यम से संवाद की स्थिति में प्रचारकों द्वारा बोले गए एक एक शब्द का अर्थ होगा और विपक्षी पक्ष प्रचारक द्वारा बोले गए शब्दों का कहीं अपने अभियान का इक्के का पत्ता नहीं बना लें यह बड़ी चुनौती होगी। लोकसभा के पिछले दो चुनाव इसके उदाहरण है। जब नरेन्द्र मोदी पर की गई टिप्पणियां ही मोदी और भारतीय जनता पार्टी के लिए वरदान बन कर के सामने आई। इसलिए जनता के बीच बोलते समय काफी कुछ सोच-समझ कर बोलना होगा नहीं तो अर्थ का अनर्थ होने में देरी नहीं लगेगी।

राजनीतिक दलों के चुनाव अभियान के दौरान रैलियों, रोड़ शो सहित विभिन्न मंचों से एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी रहेगा। हाल ही पांच विधान सभा चुनावों के दौरान भारतीय जनता पार्टी हो या कांग्रेस, गारटियों की चर्चा ही रही। एक तरफ गांरटियां थी तो दूसरी और बीजेपी ने मोदी को ही गारंटी बताकर प्रचारित किया। दरअसल देखा जाएं तो पिछले कुछ चुनावों से चाहे वे लोकसभा के हो या विधानसभाओं के चुनाव हो, सीधे जनता से जुड़े मुद्दें तो कहीं नेपथ्य में ही रह जाते हैं। जनता से जुड़े मुद्दों को आम जनता भी अब मुद्दे या चुनावी एजेंडा नहीं मानने लगी है। किसी जमाने में गरीबी हटाओं या भ्रष्टाचार मिटाओं या महंगाई या बेरोजगारी तो सकारात्मक प्रचार अभियान में विकास की बात आदि मुद्दें महत्वपूर्ण होते थे पर पिछले चुनावों से यह मुद्दें वोट में बदल नहीं रहे हैं। दर असल अब नकारात्मक प्रचार का दौर चल पड़ा है और मजे की बात यह है कि यह नकारात्मक प्रचार उलटा पड़ने लगा है। पिछले दो लोकसभा के चुनावों में चौकीदार, सेना के साक्ष्य, चाय वाला आदि ऐसे वक्तव्य रहे जिसका जितना अधिक उपयोग हुआ वह भाजपा और नरेन्द्र मोदी के पक्ष में ही गया। विपक्ष के प्रयास है कि सत्तारुढ़ द्वारा संबैधानिक संस्थाओं यथा ईडी, आईटी आदि जांच एजेंसिंयों का हथियार के रुप में उपयोग, चुनावी बॉण्ड, बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार आदि को प्रभावी तरीके से चुनावी मुद्दा बनाया जाये पर यह मतदाताओं को प्रभावित करने वाले मुद्दे बन नहीं पा रहे हैं। इसका एक प्रमुख कारण तो विपक्षी खासतौर से इंडी के दलों का जुड़ना बिखरना जारी है। एक तरफ ममता पं.बगांल में कांग्रेस द्वारा वामपंथी दलों के साथ तालमेल कर चुनाव लड़ने को खुले आम भाजपा को लाभ बताने वाला निर्णय बता रही हैं वहीं बिहार, महाराष्ट्र, दिल्ली में कांग्रेस का छोटे पार्टनर के रुप में सामने आने, पंजाब में आप से सीटों के बंटवारें को लेकर समझौता ही नहीं होने, बसपा का अलग रुख, अजित जनता दल का बीजेपी के साथ आना, ओडीसा में बीजद सहित विरोधाभास सामने आ रहे हैं। वहीं दिल्ली की रैली में जो पैनापन दिखना चाहिए था वह पैनापन दिखाई नहीं दिया। चुनावी बॉण्ड का मुद्दा जिस तरह से उछला वह अपनी धार नहीं दिखा पाया क्योंकि चुनावी चंदा कम हो या ज्यादा लगभग सभी दलों ने लिया है। सभी राजनीतिक दल चुनावी चंदा लेते हैं और साफ है कि इसका फायदा सत्तारुढ़ दल को अधिक ही मिलता है।

> **रैलियों, सभाओं में प्रमुख नेताओं को भाषणों-वक्तव्यों के दौरान सावधानी बरतनी होगी तभी मोदी जी से पार पाया जा सकता है। मोदी जी विपक्षी नेताओं द्वारा कही गई बात को तत्काल अपने पक्ष में भुनाने में सिद्धहस्त है, ऐसे में विपक्ष के सामने प्रमुख चुनौती चुनाव अभियान के दौरान अपनों के बीच समन्वय व समझ बनाये रखनन की है तो जनमानस को प्रभावित करने की रहेगी तो मोल-तोल के बोल पर भी अधिक ध्यान देना होगा।**

चंदा देने वाला अपने निहितार्थ देखता है और यही कारण है कि वह सत्तारुढ़ दल को अधिक चंदा देता है। इसलिए जिस तरह से यह बड़ा मुद्दा बनने की संभावना देखी जा रही थी वह सिरे नहीं चढ़ पाया। इसी तरह से केजरीवाल सहित आप नेताओं पर ईडी छापों और जेल का मुद्दा भी अधिक असर दिखाता नहीं लग रहा। इसका कारण भी साफ है कि केजरीवाल जो भ्रष्टाचार के खिलाफ ही सत्ता में आये थे पहली बात तो उनके नेताओं पर शराब ठेकों में भ्रष्टाचार के आरोप लगे, दूसरी और बार-बार सम्मन आने पर भी रेस्पांस नहीं करने और गिरफ्तारी के बाद भी पद पर बने रहने का आमजन में अभी तो नकारात्मक असर ही दिखाई दे रहा है। इस मामलें में लोग लालू की बड़ाई करने लगे हैं कि लालू ने गिरफ्तार होते ही अपना पद त्याग दिया और भले ही राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बनाया पर पद की गरिमा को तो बनाये रखा। केजरीवाल द्वारा बार-बार सम्मन की अवहेलना करने और त्यागपत्र नही देने से लोगों में केजरीवाल के पद लोलुपता का संदेश गया अन्यथा निश्चित रुप से केजरीवाल के प्रति सहानुभूति होती और इसका लाभ समस्त विपक्ष को मिलता पर लगता है एक अच्छा अवसर खो दिया गया है। अब सवाल महंगाई को लेकर आता है तो महंगाई किसी जमाने में अपना असर दिखाती थी और प्याज के भाव बढ़ने के कारण सरकार को जाते हुए हमनें देखा है पर लगता है अब यह मुद्दा भी कुंद पड़ता जा रहा है। इसका कारण है बेरोजगारी और मंहगाई को जिस तरह से विप्रक्ष को चुनावी इशु बनाना चाहिए था उसमें वह सफल नहीं हो पा रही हैं। इस चुनाव में किसानों का मुद्दा तो अभी तक दिखाई ही नहीं दे रहा।

साफ है कि 18 वीं लोकसभा के चुनाव प्रचार अभियान में संवैधानिक संस्थाओं के उपयोग, चुनाव बॉण्ड, बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार आदि मुद्दें अधिक चलने वाले नहीं हैं। राम मंदिर, धारा 370 या इसी तरह के अन्य मुद्दों को विपक्ष उठाता भी है तो इसका लाभ भारतीय जनता पार्टी को ही मिलेगा। ऐसे में विपक्ष को चुनावी वैतरणी पार करने के लिए कोई ठोस मुद्दें खोजने होंगे। हवा हवाई या चलताउ भाषणों, आरोप प्रत्यारोपों का जमाना अब जा चुका है। विपक्ष का निशाना नरेन्द्र मोदी ही रहेंगे और इसका उजला या स्याह पक्ष यह है कि विपक्ष जितना अधिक नरेन्द्र मोदी के नाम का उच्चारण करेगा उसका उतना ही अधिक लाभ नरेन्द्र मोदी और भाजपा को मिलेगा। ऐसे में विपक्ष को रणनीति में बदलाव करना होगा।

दरअसल विपक्ष को सकारात्मक रणनीति बनानी होगी अन्यथा नकारात्मकता को तो नरेन्द्र मोदी को अपने पक्ष में भुनाने में महारत हासिल हैं। लोक सभा के पिछले दो चुनाव और गत दस सालों के विधानसभाओं के चुनावों के परिणाम सबके सामने हैं ऐसे में विपक्ष के सामने सबसे बड़ी चुनौती भाजपा को घेरने की है और इसके लिए उसे पूर्व अनुभवों को ध्यान में रखते हुए प्रभावी रणनीति बनानी होगी। रैलियों, सभाओं में प्रमुख नेताओं को भाषणों-वक्तव्यों के दौरान सावधानी बरतनी होगी तभी मोदी जी से पार पाया जा सकता है। मोदी जी विपक्षी नेताओं द्वारा कही गई बात को तत्काल अपने पक्ष में भुनाने में सिद्धहस्त है, ऐसे में विपक्ष के सामने प्रमुख चुनौती चुनाव अभियान के दौरान अपनों के बीच समन्वय व समझ बनाये रखनन की है तो जनमानस को प्रभावित करने की रहेगी तो मोल-तोल के बोल पर भी अधिक ध्यान देना होगा। चुनाव घोषणा पत्रों में मुफ्त की सुविधाओं की भरमार अब लोगों को अधिक लुभाने वाली नहीं लगती। कारण साफ है इससे एक और प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष कर देने वाला अपने को ठगा समझने लगा है, वहीं लाभार्थी इसे राजनीतिक दलों की कमजोरी समझने लगा है। सौ बातों की बात यह है कि चुनाव अभियान के दौरान वक्ताओं को सोच समझ कर बोलना होगा ताकि कोई भी पक्ष अर्थ का अनर्थ ना हो सके।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
**( वरिष्ठ लेखक )**

# इलैक्ट्रोरल बॉण्ड्स का मायाजाल



महावीर सिंह

इलेक्ट्रोल बांड्स और पार्टियों के चन्दे-धंदे का मायाजाल

दो आम आदमी गांव की चाय की दुकान पर चाय पर चुस्की लेते हुए इलेक्ट्रोल बांड्स पर चर्चा में उलझे हुए थे। घुमक्कड़ भी उनकी बातों में रुचि लेकर रुक गए।

एक बोला, क्यों भाई, यह ईलेक्ट्रोल बांड्स का झमेला कुछ समझ में आया क्या? अरे नहीं भैया, बड़े-बड़े धुरन्दरों के समझ में नहीं आ रहा, अपने क्या समझ में आएगा। देखो सुप्रीम कोर्ट ने फैसला तो बड़ा ही किया है। यह साफ हो गया कि किस को कितना पैसा किस सेठ या धंदेबाज नें दिया है।

लेकिन यह बताओ, यह बड़े-बड़े उद्योगपति, व्यापार वाले लोग और वो भी जो इस श्रेणी में दूर-दूर तक नही, वे इतना पैसा कहां से लाकर, इन पार्टी वालों देते है और क्यों देते है?

दूसरे ने कहा, बात में दम है, जिसका व्यापार कोई खास नफे में नहीं वे भी सैंकड़ो करोड़ चंदा दे सकते है, यह बात अपनी मोटी बुद्धि में तो नहीं बैठती।

एक कुछ ज्यादा पढा-लिखा सा बंदा भी चाय का ऑर्डर देकर उनकी चर्चा में शामिल हो गया। उसने कहा देखो एक सट्टेबाज भी हजार-पांच सौ करोड़ का चंदा दे देता है और वह भी जिसकी हिसाब की किताबें इस राशि का सौवाँ हिस्सा भी लाभ नहीं दिखा रही।

उनकी चर्चा रुचिकर होती जा रही थी– इसमें चौथा भी जुड़ गया। उसके तो यही नहीं समझ में आ रहा था कि आखिर यह बड़े सेठ लोग इन मुफ्तखोर पार्टियों को इतना चंदा देते ही क्यों है?

उनमें से ही एक ने कहा, साफ है या तो व्यापार में कोई बड़ी रियायत लेंगे या व्यापार फैलाने की कोई योजना स्वीकार करवाएँगे, कोई हजारों करोड़ों का ठेका ले लेंगे और यह सब, जो चंदा देंगे उसका सो गुना कमा लेंगे। यह भी हो सकता है कि कोई बड़ा घपला कर रखा होगा, सो उसे दबाने या उस से बाहर निकलने का रास्ता बनाया होगा।

उनमें से एक नें कहा 5, 4 दिन पहले वह बस में यात्रा कर रहा था और एक अखबार, टीवी का पत्रकार सा लगने वाला आदमी बता रहा था:-

बहुत से बड़े लोगों का पैसा बाहर देशों में होता है। यह काला धन होता है क्योंकि देश के भीतर किसी बही खाते में उसका हिसाब नहीं होता। देश में ही कुछ लोग ऐसी अंडा कम्पनियां बना लेते है जिनके पास नाममात्र का धन्दा होता है। बड़े धंदे वाले लोग, अपने ऐसे दो नम्बर के या काले धन को इन कम्पनियों में भेजते है, और ऐसी कम्पनियों से बांड खरीदवा देते है। इस प्रकार जिन कम्पनियों के धन्दा मंदा है या है ही नही, वे भी राजनीतिक पार्टियों को सैंकड़ो करोड़ के बांड खरीद कर दान दाता बन सकती है।

साथ वाले ने पुछ लिया कि इनको तो ईडी, सीबीआई, इनकमटैक्स वाले बड़ी आसानी से कभी भी पकड़ सकते है। यह सब संस्थाएँ सरकारों के इशारे पर ऐसे काम करती है। पत्रकारनुमा आदमी ने कहा– बताओ, कोई सोने के अंडे देने वाली मुर्गियों को मारता है क्या? दान में मिली बछिया के दांत कोई गिनता है क्या? बस यह ऐसा ही मिलीजुली का खेल है।

एक ने चर्चा को नया मोड़ दिया––कुछ भी हो, एक बड़ी पार्टी का कहना है कि पहले तो, अधिकतर खुल्लमखुल्ला ही काला धन चुनावी चंदे में चलता था किंतु अब किसी भी रास्ते से हो,चंदे में सफेद धन ही मिल रहा है। काले धन से राजनीति करने वालों की दुकाने बन्द।

उनमें से फिर कोई बोला–––दिल को तसल्ली देने के लिए ख्याल अच्छा है। अरे मेरे भोले भाई, यह बांड्स से मिले 10, 20 हजार करोड़ रुपए से ही पार्टियों के बड़े नेता महाराजों जैसी जिंदगी जी ढकते हैं क्या? क्या इतने से पैसे से चुनाव लड़ लिए जाते हैं क्या?

कुछ बड़े दानिशमंद लोगों का कयास है कि भारत के लोकसभा चुनाव में कम से कम एक लाख करोड़ रु से कम खर्च नही होता। इसका 70, 80 प्रतिशत तो काले धन के रास्ते ही आता है। इस से भी अधिक, हमारे महान लोकतांत्रिक देश में तो हर साल छ महीने चुनाव चलते ही रहते है, उनके लिए भी पैसा चाहिए। सरकारें बनाने-बिगाड़ने के लिए भी तो टनों पैसे की जरूरत पड़ती है––साथ वालों को खुश करने में, दूसरी तरफ वालों को ललचाने के लिए!!!

किसी दूसरे ने भी प्रश्न किया–– यह ईडी, सीबीआई, आईटी विभागों के द्वारा, राज्यों के विभागों के द्वारा सर्च-रेड आदि करने के बाद कुछ कम्पनियों नें चंद दिया, बांड्स खरीद कर। यह क्या बात हुई, यह तो सीधे-सीधे सरकारों के द्वारा जबरन उगाही हुई न?? ऐसे लोगों ने जो पार्टी सरकार में बैठी है उसके साथ विपक्षियों को भी बांड्स से चंदा दिया है––क्यों? यह बात कुछ समझ से परे है?

किसी ने यों ही थोड़ी अलग बात उछाल दी कि यह समझाओ सरकार कहीं की हो, किसी दल की हो, सारे भ्रष्टाचारी, विपक्षियों में ही क्यों दिखते है?? क्या सत्ता पक्ष वाले सारे रामजी महाराज के नए अवतार हैं???

पहले वाले नें, बातों का पुराना सिलसिला आगे बढाते हुए समझाया––सरकारी पक्ष को ज्यादा दे दिया, सो वे खुश––कमजोर विपक्ष वालों को कुछ भी कुछ दे दिया, इस से आगे के रास्ते खुले रहते है। देने वाला जनता है सत्ता पर किसी एक ही पार्टी की बपौती थोड़े ही न है,जनता कब पलटा मार ले कोउ न जानत। वो एक पुराना दोहा है न–––पुरुष पुरातन की––– (सत्ता) क्यों न चंचला हो–––।

तो फिर, यह रैलियों, सभाओं में नेताओं की गर्जन-तर्जन यों ही है कि नोट बंदी से काला धन समाप्त, बाहर जितना पैसा था वह सब देश में आ गया भ्रष्टाचारयो की दुकान बंद, उनका घर जेल। ओर क्या ऐसा सारा कला धन देश में व्यापार, उद्योग में लग गया जिस से लाखों न लाखों को रोजगार मिल गया?

फिर एक ने कहा, यह सब नारे, तमाशे है और इन तमाशों के बल पर ही वोटों की फसल काटी जाती है। आगे नई लूट के रास्ते बनाए जाते है। कोउ पार्टी दूध की धुली नहीं, हमाम में सब के सब नंगे है। हॉ, जो पार्टी बड़े पैमाने पर तमाशे दिखाएगी, जनता उस पर लटटू हो जाए, इसकी संभावनाएं ज्यादा है।

बातों को विराम देते हुए दूसरे नें कहा, देख भाई, इन बातों में अपने लिए कुछ नहीं रखा। अपने को तो छोटे वाले नेताओं के साथ रैलियों में जाना है, तमाशा देखना। हो सकता है दिहाड़ी मिल जाए वरना मुफ्त बस यात्रा और पूरियों के पैकेट में कोउ कमी नहीं। नेता लोग, वोट पड़ने तक फ्री खाने के ढाबे चलाते है खाना खाओ, मोज करो। कुछ कुछ के लिए पीने की भी व्यवस्था करते है, पीओ और नारे लगाते रहो!!!

भाई लोगो, वोट वाले दिन वोट जरूर डालना और सोच समझ कर डालना। हो सके तो यह भूल जाना कि ज्यादा मुफ्त बस यात्रा किसने करवाई, पूरियों के पैकेट किसने दिए, तमाशे किस के ज्यादा मनोरंजक थे, जहां आपका जमीर आपके वर्ग हित पूरे होने की ज्यादा सम्भवनाओं का इशारा करे उसको ही वोट डालना। "नेताओं, सेठों, उद्योगपतियों की तो वे जानें किन्तु आम आदमी के हक हकूक तो संविधान से ही है और उस से ही सुरक्षित है, रहेंगे"

"इस लिए जय संविधान, जय लोकतंत्र––यही देश की विश्व में सही पहचान"।

**महावीर सिंह,**
**पूर्व आईएएस**

**विश्व आवारा पशु दिवस पर विशेष**

# पशु कल्याण के प्रति सच्ची करुणा हो




मरियम अबु हैदरी

भारत की हलचल भरी सड़कों पर, दैनिक जीवन की उथल-पुथल के बीच, एक मूक पीड़ा मौजूद है जिस पर अक्सर ध्यान नहीं जाता है - आवारा जानवरों की दुर्दशा। जबकि विश्व आवारा पशु दिवस उनके संघर्षों की मार्मिक याद दिलाता है, यह पहचानना आवश्यक है कि यह मुद्दा जागरूकता के एक दिन से अधिक का है। यह एक व्यापक, जारी संकट है जो समाज के सभी क्षेत्रों से तत्काल ध्यान देने और ठोस कार्रवाई की मांग करता है। जैसे-जैसे हम अपने शहरों की भूलभुलैया वाली गलियों और हलचल भरी सड़कों पर घूमते हैं, आवारा कुत्तों, बिल्लियों, गायों और असंख्य अन्य जानवरों की उपस्थिति को नजरअंदाज करना असंभव है जो हमारी सड़कों पर भोजन और आश्रय की तलाश में घूमते हैं। फिर भी, उनकी प्रतीत होने वाली अहानिकर उपस्थिति के पीछे उपेक्षा, दुर्व्यवहार और उदासीनता की एक कठोर वास्तविकता छिपी हुई है।

इस संकट की जड़ सामाजिक-आर्थिक कारकों, विधायी कमियों और जानवरों के प्रति मीडिया-प्रेरित दृष्टिकोण के जटिल जाल में निहित है। पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 जैसे कानून के अस्तित्व के बावजूद, जिसका उद्देश्य स्पष्ट रूप से जानवरों के कल्याण की रक्षा करना है, प्रवर्तन तंत्र बेहद अपर्याप्त हैं। छह दशकों से अधिक समय से, कानून का यह महत्वपूर्ण हिस्सा अधर में लटका हुआ है, नौकरशाही जड़ता और राजनीतिक उदासीनता के कारण सकारात्मक बदलाव लाने की इसकी क्षमता बाधित है।

इस विश्व आवारा पशु दिवस पर, एक कड़वी सच्चाई को स्वीकार करना अनिवार्य है: भारत में आवारा जानवरों की दुर्दशा सिर्फ कुत्तों से भी आगे तक फैली हुई है। इस खेदजनक स्थिति में विभिन्न प्रजातियाँ शामिल हैं, जो एक प्रणालीगत विफलता को उजागर करती है जिस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। हिंदू धर्म में जानवरों से जुड़े गहरे सांस्कृतिक महत्व को देखते हुए, कोई उम्मीद करेगा कि भारत अहिंसा की भूमि के रूप में अपनी प्रतिष्ठा की सुरक्षा को प्राथमिकता देगा। किसी तरह पशु कल्याण उपायों का चयनात्मक अनुप्रयोग भारतीय समाज के भीतर एक परेशान करने वाले पाखंड को रेखांकित करता है। नसबंदी के प्रति हमारा चयनात्मक दृष्टिकोण एक गहरे पाखंड को रेखांकित करता है। रेबीज के कथित खतरे के कारण हम कुत्तों और बिल्लियों को प्राथमिकता देते हैं, फिर भी दूध उत्पादन की आड़ में गायों के शोषण पर आंखें मूंद लेते हैं। हमारी पाठ्यपुस्तकों में इस धारणा को चुनौती दी जानी चाहिए कि 'गायें हमें दूध देती हैं'।

वास्तविकता स्पष्ट है: सबसे जघन्य दुर्व्यवहार गायों के बीच होता है, जिन्हें पवित्र माना जाता है फिर भी हिंसा के जघन्य कृत्यों का सामना करना पड़ता है। नर बछड़ों को त्याग दिया जाता है या मार दिया जाता है, जबकि जानवरों की स्वायत्तता की परवाह किए बिना आक्रामक कृत्रिम गर्भाधान को मंजूरी दे दी जाती है। इन प्रथाओं में हमारी सरकार की मिलीभगत निंदनीय है, फिर भी 'कुत्ते के काटने' और 'कुत्ते के आतंक' जैसी अधिक सनसनीखेज खबरों के शोर के बीच इसे अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है।

संसद के भीतर पशु अधिकारों की वकालत करने वाली मेनका गांधी जैसी उल्लेखनीय शख्सियतों और जॉन अब्राहम जैसी मशहूर हस्तियों द्वारा 'नो मोर 50' अभियान जैसी पहल किए जाने के बावजूद निष्क्रियता देखना हैरान करने वाला है। क्या यह सब केवल प्रतीकात्मक है, ठोस कार्रवाई के बिना चिंता का दिखावा है? और कुत्तों के लिए पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम के बारे में क्या? शुरुआत में जनसंख्या नियंत्रण के उद्देश्य से की गई नसबंदी की विधियां जानवरों की कीमत पर व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने वाली पैसा कमाने वाली योजनाओं में बदल गई हैं। यह भ्रष्टाचार उच्चतम स्तर से लेकर बहुत नीचे तक व्याप्त है, व्यक्तिगत लाभ के लिए निर्दोष जानवरों का चारे के रूप में शोषण करता है। अंतर्निहित मुद्दा कानून से परे फैला हुआ है - यह राजनीतिक इच्छाशक्ति और नैतिक अखंडता का मामला है। पशुपालन जैसे विभागों में प्रमुख पदों पर नियुक्त व्यक्तियों को पशु कल्याण को संबोधित करने के लिए अपर्याप्त रूप से सुसज्जित क्यों किया जाता है? उन लोगों की आवाज़ कहाँ है जो जानवरों को समझते हैं और उनके प्रति सहानुभूति रखते हैं, नीति निर्धारण क्षेत्रों में उनके अधिकारों की वकालत करते हैं?

डेयरी उद्योग के भीतर प्रणालीगत भ्रष्टाचार के बजाय छिटपुट घटनाओं पर ध्यान केंद्रित करने से मीडिया की आत्मसंतुष्टि इस मुद्दे को और बढ़ा देती है। अवैध डेयरियाँ बेधड़क चल रही हैं, सार्वजनिक स्वास्थ्य को खतरे में डाल रही हैं और लाभ के लिए जानवरों का शोषण कर रही हैं। दुरुपयोग के इस चक्र को जारी रखने में उनकी भूमिका के लिए सरकारी एजेंसियों और निर्वाचित राजनेताओं और गौशालाओं दोनों को जवाबदेह बनाने का समय आ गया है।

जैसा कि शाहरुख खान ने फिल्म 'जवान' में स्पष्ट रूप से व्यक्त किया है, हमें उन लोगों की जांच करनी चाहिए जिन्हें हम सत्ता सौंपते हैं, उनके कार्यों में जवाबदेही और पारदर्शिता की मांग करते हैं। हमारे नेताओं की उदासीनता ऐसे अत्याचारों को जारी रखने में सक्षम बनाती है, जबकि जनता उनकी चुप्पी में निश्चिंत रहती है।

इन बहुआयामी चुनौतियों से निपटने के लिए, हमें वन हेल्थ के सिद्धांतों द्वारा सूचित एक व्यापक, अंत:विषय दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। वन हेल्थ दृष्टिकोण का एक प्रमुख पहलू विधायी सुधार की वकालत करना है जो पशु अधिकारों और कल्याण की समकालीन समझ को दर्शाता है। अपनी सामूहिक आवाज़ों का लाभ उठाकर और नीति निर्माताओं को जवाबदेह बनाकर, हम पुराने कानूनों में बहुत आवश्यक संशोधनों को आगे बढ़ा सकते हैं और उनके मजबूत प्रवर्तन और सरकारी नीति के रूप में कृत्रिम गर्भाधान को हटाने को सुनिश्चित कर सकते हैं।

इसके अलावा, जिम्मेदार पालतू स्वामित्व को बढ़ावा देना और बधियाकरण और बधियाकरण कार्यक्रमों जैसी सहायक पहल वन हेल्थ रणनीति के महत्वपूर्ण घटक हैं। पशु कृषि में स्थायी प्रथाओं को अपनाना और वाणिज्यिक उद्यमों में जानवरों के नैतिक उपचार की वकालत करना वन हेल्थ प्रतिमान का अभिन्न अंग है। पर्यावरण संरक्षण और सार्वजनिक स्वास्थ्य के साथ-साथ पशु कल्याण को प्राथमिकता देकर, हम सभी के लिए अधिक न्यायसंगत और टिकाऊ भविष्य बना सकते हैं।

इसके अतिरिक्त, सभी जीवित प्राणियों के प्रति करुणा की संस्कृति विकसित करने के लिए समुदायों के भीतर सहानुभूति और जागरूकता को बढ़ावा देना आवश्यक है। ऐसे कई ठोस कदम हैं जिन्हें व्यक्ति बदलाव लाने के लिए उठा सकते हैं: पश्चिम से सीखें: हम सांस्कृतिक मतभेदों के बावजूद जानवरों के प्रति पश्चिमी देशों की दयालु नीतियों से प्रेरणा ले सकते हैं। कई देशों ने गोद लेने के लिए प्रोत्साहन देकर और जानवरों की बिक्री पर जुर्माना लगाकर, गोद लेने के लिए कर लाभ की पेशकश करते हुए खरीद पर भारी कर लागू करके आवारा जानवरों की समस्याओं को सफलतापूर्वक संबोधित किया है। उदाहरण के लिए, तुर्क़ सामुदायिक जानवरों के साथ सह-अस्तित्व का उदाहरण देता है, सड़कों पर आवारा बिल्लियों और कुत्तों के लिए घर और भोजन की व्यवस्था प्रदान करता है। यदि तुर्क और नीदरलैंड जैसे देश इसे प्रबंधित कर सकते हैं, तो हम क्यों नहीं? उनके स्वच्छ और अच्छी तरह से निर्मित पशु आश्रय स्थल, दयालु पशु चिकित्सकों से सुसज्जित, जिन्होंने स्वेच्छा से अपना पेशा चुना, एक स्पष्ट विरोधाभास को उजागर करते हैं। पशु चिकित्सा लापरवाही को सख्ती से संबोधित किया जाता है, और वे वर्दीधारी पेशेवरों के साथ स्वच्छता मानकों को बनाए रखते हुए, पशुधन सहायकों पर पशु चिकित्सा नर्सों को प्राथमिकता देते हैं।

विधायी सुधार के पक्षधर: निर्वाचित प्रतिनिधियों से पशु कल्याण कानून को प्राथमिकता देने और विरोध प्रदर्शन और लगातार बैठकें आयोजित करके इसका जोरदार कार्यान्वयन सुनिश्चित करने का आग्रह करें। पशु अधिकारों और कल्याण के आधुनिक मानकों के अनुरूप पशु क्रूरता निवारण अधिनियम जैसे पुराने कानूनों में संशोधन की वकालत करना। भले ही पिछले प्रयासों, जैसे कि मेनका गांधी के नेतृत्व में, तत्काल परिणाम नहीं देते थे, यह आवश्यक है कि आशा न खोएं - शायद प्रयास के लिए अधिक दृढ़ दृढ़ता की आवश्यकता होती है। जिम्मेदार गैर सरकारी संगठनों का समर्थन करें: प्रतिष्ठित गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) की पहचान करें और उनका समर्थन करें जो सक्रिय रूप से पशु बचाव, पुनर्वास और वकालत में लगे हुए हैं। स्वेच्छा से समय देकर, संसाधन दान करके, या सोशल मीडिया पर अपना संदेश फैलाकर, व्यक्ति पशु कल्याण के लिए व्यापक आंदोलन में योगदान दे सकते हैं।

दयालु प्रथाओं को बढ़ावा दें: समुदायों को जानवरों के लिए मानवीय उपचार प्रथाओं के बारे में शिक्षित करें, जिसमें अधिक जनसंख्या को रोकने के लिए पालतू जानवरों को बधिया करने और बधिया करने का महत्व भी शामिल है। जिम्मेदार पालतू पशु स्वामित्व को प्रोत्साहित करें और क्रूरता और शोषण को कायम रखने वाली प्रथाओं को हतोत्साहित करें।

सहानुभूति और जागरूकता को बढ़ावा: आवारा जानवरों की दुर्दशा और उनकी पीड़ा को बनाए रखने वाले प्रणालीगत मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया, होर्डिंग, सामुदायिक मंच और शैक्षिक पहल जैसे प्लेटफार्मों का उपयोग करें। सभी जीवित प्राणियों के प्रति करुणा की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए संवाद और सहानुभूति-निर्माण अभ्यास को प्रोत्साहित करें।

अधिकारियों को जवाबदेह ठहराएं: सरकारी एजेंसियों को पशु कल्याण के मुद्दों को संबोधित करने में उनकी भूमिका के लिए जिम्मेदार रखें, जिसमें नसबंदी कार्यक्रमों और श्मशान के लिए संसाधनों का आवंटन, क्रूरता विरोधी कानूनों को लागू करना और जानवरों का शोषण करने वाले वाणिज्यिक उद्यमों का विनियमन शामिल है। नगर निगमों, पुलिस और अपने स्थानीय विधायकों से शुरुआत करें।

गोद लें, खरीदारी न करें: वाणिज्यिक प्रजनकों से पालतू जानवर खरीदने के बजाय किसी आश्रय या बचाव संगठन से आवारा जानवर को गोद लेने पर विचार करें। किसी जरूरतमंद जानवर को एक प्यार भरा घर प्रदान करके, व्यक्ति आवारा आबादी को कम करने और पीड़ा को कम करने में सीधे योगदान दे सकते हैं।


यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि आवारा जानवरों का कल्याण आंतरिक रूप से सामाजिक न्याय, पर्यावरणीय स्थिरता और नैतिक शासन के व्यापक मुद्दों से जुड़ा हुआ है। जानवरों के अधिकारों और सम्मान की वकालत करके, हम मानव और गैर-मानव सभी प्राणियों के लिए एक अधिक न्यायपूर्ण, दयालु समाज बनाने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं।

इस विश्व आवारा पशु दिवस पर, आइए हम प्रधान मंत्री मोदी और सभी राजनीतिक दलों के नेताओं से पशु कल्याण के प्रति सच्ची करुणा और प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने का आव्हान करें। यह ठोस कार्रवाई का समय है, खोखले वादों या सांकेतिक इशारों का नहीं। हमारी सड़कों पर आवारा जानवरों की पीड़ा निर्णायक, परिवर्तनकारी परिवर्तन से कम कुछ नहीं मांगती है। अब समय आ गया है कि हमारी सरकार अपनी नींद से जागे और हमारे समुदायों को परेशान करने वाले व्यापक अन्याय का मुकाबला करे।

यह दिखाने का समय आ गया है कि भारत वास्तव में अपने सभी निवासियों की परवाह करता है, चाहे वे किसी भी प्रजाति के हों। साथ मिलकर, हम एक ऐसी दुनिया बना सकते हैं जहां मनुष्यों, जानवरों और पर्यावरण की भलाई आंतरिक रूप से जुड़ी हुई है - एक ऐसी दुनिया जहां हर जीवन, चाहे वह कितना भी छोटा या कमजोर क्यों न हो, मूल्यवान और संरक्षित है।

**मरियम अबु हैदरी,**
**वन्य जीव प्रेमी**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**गुरूवार 4 अप्रेल, 2024**

चैत्र मास, कृष्ण पक्ष, दशमी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2080, श्रवण नक्षत्र रात्रि 8:12 तक, सिद्ध योग दिन 11:15 तक, विष्टि करण सांय 4:15 तक, चन्द्रमा मकर राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मीन, चन्द्रमा-मकर, मंगल-कुम्भ, बुध-मीन, गुरू-मेष, शुक्र-मीन, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।


आज भद्रा सांय 4:15 तक है। आज दशामाता व्रत है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 7:51 तक, चर 10:57 से 12:30 तक, लाभ-अमृत 12:30 से 3:26 तक, शुभ 5:09 सूर्यास्त तक।


**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 6:18, सूर्यास्त 6:42




### मेष
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।




### वृष
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। धार्मिक कार्यों पर धन खर्च हो सकता है।




### मिथुन
आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। अनावश्यक धन खर्च होगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।



### कर्क
परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।




### सिंह
स्वास्थ्य में सुधार होगा। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।




### कन्या
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। संभावित धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त हो सकते हैं। घर-परिवार में अतिथियों के आगमन से परेशानी हो सकती है।




### तुला
घर-परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। पारिवारिक मामलों में उचित सोच-विचार हो सकता है। खान-पान के कारण परेशानी हो सकती है।




### वृश्चिक
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। नवीन कार्यों में परिजनों से सहयोग मिल सकता है। घर-परिवार में वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा। व्यावसायिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।




### धनु
व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में आ रही परेशानियां दूर होने लगेंगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। घर-परिवार में अनावश्यक वाद-विवाद बढ़ सकते है।



### मकर
व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।



### कुंभ
स्वभाव की तेजी पर नियंत्रण रखें। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य सोच-विचार के पश्चात करें। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। अनावश्यक धन खर्च होगा। मन में असंतोष बना रहेगा।



### मीन
आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बना रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।

फोनः- 2627612, 2427249 फैक्सः- 0145-2624665 वर्षः 28 संख्याः 244 प्रभात अजमेर, गुरुवार 4 अप्रेल, 2024 आर.जे./ए.जे./73/2015-2017 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

अजमेर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com




# रॉबर्ट वाड्रा एक बार फिर चुनाव लड़ने के लिये कसमसाये!

## एक टी.वी. चैनल को दिये इन्टरव्यू में रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि, उन्हें संसद में होना चाहिये, जिससे वे स्मृति इरानी के उन पर लगाये आरोप का जमकर जवाब दे सकें

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 3 अप्रेल। अभी तक कांग्रेस पार्टी की तरफ से कोई संकेत नहीं है कि, अमेठी और रायबरेली सीटों से चुनाव कौन लड़ेगा। इस विषय पर कांग्रेस ने अभी तक अपने कार्ड नहीं खोले हैं।

अभी तक यह पता है कि, राहुल गाँधी का सोच यहाँ तक साफ है कि, प्रियंका गाँधी को भी चुनाव नहीं लड़ना चाहिए ना ही राज्यसभा के रास्ते संसद पहुँचना चाहिए। क्योंकि, गाँधी परिवार के जितने ज्यादा लोग संसद में दिखते हैं, मोदी के कांग्रेस पर वंशवाद के आरोप को और मजबूती मिलती है।

अब एन्ट्री होती है, प्रियंका गाँधी के पति रॉबर्ट वाड्रा की। जैसा कि वो हर चुनाव से पहले करते हैं, चाहे वो लोकसभा हो या विधानसभा, वाड्रा एक बार फिर चुनाव मैदान में कूदने के लिए कसमसा रहे हैं।

- रॉबर्ट वाड्रा ने खुद के लिये टिकट की पैरवी करते हुए, यह भी कहा कि, उनके पास देशभर से मैसेज आ रहे हैं कि, उन्हें इस बार चुनाव अवश्य लड़ना चाहिये।
- पिछली बार भी चुनाव से पहले रॉबर्ट वाड्रा ने चुनाव लड़ने की पूरी पेशकश की थी। पर, राहुल गांधी ने उन्हें टिकट देने से साफ मना कर दिया था तथा चुप करा दिया था।
- राहुल गांधी का सोच तो यहां तक भी साफ है कि, प्रियंका गांधी को भी चुनाव नहीं लड़ना चाहिये और न ही राज्यसभा के रास्ते संसद पहुंचना चाहिये, क्योंकि गांधी-नेहरू परिवार के जितने ज्यादा लोग संसद में दिखते हैं, मोदी के कांग्रेस पर वंशवाद के आरोप को और मजबूती मिलती है।
- इसीलिये संभवतया, इस बार अमेठी व रायबरेली की सीट पर इस परिवार का कोई भी व्यक्ति चुनाव नहीं लड़ेगा।

एक टी.वी. चैनल को दिए इन्टरव्यू में, वाड्रा ने काफी स्पष्ट शब्दों में कहा है कि, उन्हें और प्रियंका गाँधी, दोनों को संसद में होना चाहिए और वो संसद के अंदर स्मृति ईरानी द्वारा उन पर लगाए आरोपों का जवाब देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि, देश भर से लोग उनसे चुनाव लड़ने को कह रहे हैं।

पिछली बार जब उन्होंने यह सब कहा था और टिकट पाने की कोशिश की थी, तब राहुल गाँधी ने उन्हें चुप करा दिया था और स्पष्ट रुप से ना कह दिया था।

राहुल गाँधी ने आज वायनाड से अपना नामांकन दाखिल किया लेकिन अमेठी को लेकर कोई संकेत नहीं दिया। सूत्रों का कहना है कि, इस बात की बहुत कम संभावना है कि, गाँधी परिवार का कोई सदस्य अमेठी या रायबरेली से चुनाव लड़ेगा और ऐसा पहली बार होगा कि, गाँधी परिवार की सीट से परिवार का कोई व्यक्ति चुनाव नहीं लड़ रहा।

इससे नज़र आता है कि, कैसे कांग्रेस पार्टी हिन्दी भाषी क्षेत्र के सबसे बड़े राज्य में, जो संसद में 80 सांसद भेजता है, अपनी प्रासंगिकता खोती जा रही है और यह भी कि, कांग्रेस नेतृत्व मतदाताओं को आकर्षित करने में असमर्थ है और मुसलमानों को छोड़कर उनके पास कोई वोट बैंक नहीं बचा है तथा मुसलमान अकेले चुनाव में विजय सुनिश्चित नहीं कर सकते।

चुनावी राजनीति में सफलता के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# वैभव का प्रचार करने जालोर जाएंगे पायलट

बाड़मेर, 3 अप्रेल (का.प्र.)। कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने कहा कि, 2019 में वैभव के टिकट के लिए मैंने भी एफर्ट किए थे। अब मैं जालोर जाकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत के लिए प्रचार करूंगा।

उन्होंने कहा, जब मैं 2019 में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष था, तब मैंने दिल्ली से यह प्रयास किया कि वैभव को टिकट मिल जाए। मैं उनके नॉमिनेशन में भी गया था। मैंने उनके लिए प्रचार किया था। हालांकि, तब वे चुनाव हार गए थे। इस बार वे जालोर से चुनाव लड़ रहे हैं। इस बार भी मैं उनके लिए चुनाव प्रचार करूंगा।

- सचिन पायलट ने कहा कि, 2019 में भी वैभव को टिकट दिलाने के लिए ''एफर्ट'' किए थे अब मैं उनके प्रचार के लिए भी जाऊंगा।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से विवाद पर पायलट ने कहा, मैंने आपा नहीं खोया, मर्यादा व शालीनता रखी और बड़ा दिल दिखाते हुए आगे बढ़ने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि, कड़वाहट को भुलाकर आगे बढ़ना ही पार्टी के हित में है।

गहलोत के पुराने बयानों पर पायलट ने कहा कि, गहलोत को उन्हीं

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# संजय निरूपम कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा देंगे आज

## संजय निरूपम कांग्रेस पार्टी से काफी खफा थे, मुम्बई नॉर्थ-वैस्ट सीट को शिव सेना के लिये छोड़ देने का निर्णय लेने के बाद

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 3 अप्रैल। महाराष्ट्र के कांग्रेसी नेता, संजय निरूपम ने पार्टी छोड़ने का मन बना लिया प्रतीत होता है, जैसा कि पार्टी के राज्य प्रमुख, नाना पटोले की उनके विरूद्ध कार्रवाई करने की धमकी के प्रत्युत्तर में उनकी आक्रामक प्रतिक्रिया से स्पष्ट है।

निरूपम ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा, ''कांग्रेस को अपनी ऊर्जा और स्टेशनरी, मुझ पर बर्बाद नहीं करनी चाहिए बल्कि उसे पार्टी को बचाने के लिए बचा के रखनी चाहिए। पार्टी वैसे भी व्यापक वित्तीय चुनौती का सामना कर रही है। मैंने एक सप्ताह का समय दिया था और आज वह खत्म होता है। मैं कल अपना निर्णय लूंगा।

इससे पहले पटोले ने एक प्रैस सम्मेलन में कहा था कि, पार्टी ने स्टार प्रचारकों की सूची में से निरूपम का नाम हटा दिया है और पूर्व सांसद के हालिया विवादास्पद टिप्पणियों के कारण उनके विरूद्ध कार्यवाही शुरू कर दी गई है। महाराष्ट्र की कई लोकसभा सीटों के लिए, शिव सेना उद्धव बाल ठाकरे (यू.बी.टी.) के अपने उम्मीदवारों की घोषणा के बाद, निरूपम ने शिव सेना यू.बी.टी. पर हमलों की झड़ी शुरू कर दी थी, इसके बाद पटोले का उपरोक्त बयान आया था। ज्ञातव्य है कि निरूपम उत्तर-पश्चिम मुंबई क्षेत्र से चुनाव लड़ना चाहते थे, जहां से शिव सेना यू.बी.टी. ने अमोल कीर्तिकर की उम्मीदवारी घोषित कर दी है। शिव सेना के शिंदे गुट के गजानन कीर्तिकर वर्तमान में यहां से सांसद हैं। वर्ष 2019 के चुनावों में कीर्तिकर ने निरूपम को हराया था।

- रूष्ट निरूपम ने कांग्रेस के खिलाफ कई वक्तव्य दिये थे तथा महाराष्ट्र में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष नाना पटोले ने निरूपम के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही और पार्टी से निष्कासन तक की बात कही।
- इस धमकी पर, निरूपम ने प्रैस कॉन्फ्रैंस करके कहा कि, कांग्रेस मुझे नोटिस देने का काम करने में अपनी स्टेशनरी बर्बाद न करे, मैंने सात दिन का समय दिया था कांग्रेस को, मुम्बई नॉर्थ वैस्ट सीट के बारे में अपना निर्णय बदल ले। बुधवार शाम को वो सात दिन पूरे हो रहे हैं, अतः कल मैं अपना निर्णय बताऊंगा, कांग्रेस की सदस्यता त्यागने के बारे में।

मुंबई की छः लोकसभा सीटों में से, शिव सेना यू.बी.टी. 5 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और केवल एक सीट कांग्रेस के लिए छोड़ेगी। निरूपम ने पहले कहा था, ''यह तो दान देने के समान है। सीट बंटवारे की यह व्यवस्था मुंबई में कांग्रेस का अस्तित्व खत्म करने के लक्ष्य में की गई है। मैं इस निर्णय का

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अम्बानी बने 100 बिलियन क्लब में शामिल होने वाले पहले भारतीय

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 3 अप्रेल। वर्ष 2024 की फोर्ब्स वल्ड्र्स बिनिनियर्स लिस्ट के अनुसार, रिलायंस इण्डस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी 116 अरब डॉलर की सम्पत्ति के साथ भारत के सबसे अमीर आदमी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि अंबानी विश्व के 9वें सबसे अमीर व्यक्ति भी हैं और इनकी मुकेश अंबानी की सम्पत्ति में 39.76 प्रतिशत इजाफा हुआ, जिससे वह 100 बिलियन डॉलर के विशिष्ट क्लब में शामिल होने वाले पहले भारतीय बन गए हैं।

- फोर्ब्स की नवीनतम लिस्ट के अनुसार सबसे अमीर भारतीय मुकेश अम्बानी विश्व के सर्वाधिक अमीर लोगों की लिस्ट में नवें नम्बर पर हैं।

भारत में दूसरे स्थान पर अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी हैं। उनकी नैट वर्थ 84 बिलियन डॉलर है। सावित्री जिन्दल भारत की सबसे अमीर महिला है और देश के अमीरों की लिस्ट में 33.5 बिलियन डॉलर की सम्पत्ति के साथ वह चौथे नम्बर पर है।

अमेरिका में सर्वाधिक 813 अरबपति, उसके बाद चीन में 473 (हांगकांग को मिलाकर) हैं। उसके बाद 200 अरबपतियों के साथ भारत तीसरे स्थान पर है।

फोर्ब्स की वर्ल्ड बिलिनियर लिस्ट 2024 के 10 भारतीय अरबपतियों के नाम हैं:-

मुकेश अंबानी- 116 अरब डॉलर, गौतम अडानी-

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कांग्रेस व अन्य दलों के 314 वरिष्ठ नेता भाजपा में शामिल हुए

## इनमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शंकर पन्नू, पूर्व विधायक नंद किशोर महरिया, जे.पी. चंदेलिया आदि प्रमुख हैं

जयपुर, 3 अप्रैल (का.सं.)। भाजपा प्रदेश कार्यालय पर आज विभिन्न राजनैतिक दलों से आए सांसद, पूर्व मंत्री, विधायक, प्रधान, जिला परिषद सदस्य और पंचायत समिति सदस्यों सहित 314 नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश सह-प्रभारी विजया राहटकर, जॉइनिंग कमेटी के संयोजक अरूण चतुर्वेदी और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया, प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र गोठवाल और श्रवण सिंह बगड़ी ने श्रीगंगानगर के पूर्व सांसद एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शंकर पन्नू, पूर्व विधायक जे पी चंदेलिया, पूर्व विधायक नंदकिशोर महरिया, शिमला देवी बावरी, फतेहपुर विधानसभा प्रत्याशी पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मधुसूदन भिंडा, गंगानगर से प्रत्याशी रहे पृथ्वीपाल सिंह, झुंझुनू से पूर्व प्रत्याशी रहे राजेन्द्र भामू, पिलानी से पूर्व प्रत्याशी कैलाश मेघवाल, ब्राह्मण महासभा के प्रदेश सचिव विजय कौशिक, पूर्व जिलाध्यक्ष झुंझुनू सुभाष शर्मा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष गुलाब कंवर, कांग्रेस के महामंत्री रहे नरेन्द्र इंदौरिया, जेजेपी यूथ विंग के प्रदेशाध्यक्ष प्रतीक महरिया, युवा ब्राहमण महासभा के प्रदेश महामंत्री निखिल इंदौरिया और ब्यावर से प्रत्याशी रहे इंद्र सिंह बाघावास, मनोज गौतड सहित सैंकडो नेताओं को भाजपा का दुपट्टा पहनाकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई।

- इन नेताओं को भाजपा जॉइन कराने के कार्यक्रम में भाजपा की प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर, जॉइनिंग कमेटी के संयोजक अरूण चतुर्वेदी व कई अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे।
- श्रीगंगानगर के पूर्व सांसद शंकर पन्नू ने कहा, कांग्रेस एक परिवार की पार्टी है कुछ दिन बाद कांग्रेस का कोई नामलेवा भी नहीं बचेगा, इस पार्टी में आम कार्यकर्ता की कोई सुनवाई नहीं है।
- नंद किशोर महरिया ने कहा, भाजपा यमुना जल लाकर शेखावाटी की पानी की समस्या का समाधान कर रही है।

सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश सह-प्रभारी विजया राहटकर ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजय रथ को आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश का हर वर्ग साथ है। राजस्थान में भाजपा की डबल इंजन सरकार भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में बेहतर काम कर रही है, वहीं, भाजपा का संगठन प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के नेतृत्व में सभी को साथ लेकर चल रहा है।

जॉइनिंग कमेटी के संयोजक अरूण चतुर्वेदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी लोगों का भाजपा परिवार में स्वागत है। आज समाज के हर वर्ग को यह नजर आने लगा है कि कांग्रेस डूबती हुई नाव है, इसलिए सभी नेता कांग्रेस को छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं।

गंगानगर के पूर्व सांसद और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शंकर पन्नू ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करते हुए कहा कि, मैंने कांग्रेस में लंबे समय तक काम किया, लेकिन आज कांग्रेस में कार्यकर्ता की कोई सुनवाई नहीं है। एक परिवार की पैरवी करने वाली कांग्रेस में दिल्ली से लेकर नीचे तक परिवारवाद

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# चंदे से भव्य कॉर्पोरेट ऑफिस बना रहा है संघ

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 3 अप्रेल। राजधानी दिल्ली में बन रहे आर.एस.एस. के तीन मीनारों वाले विशाल ऑफिस के लिए उगाहे गए फण्ड्स को लेकर प्रश्न पूछे जा रहे हैं। पहली मीनार जो12 फ्लोर की है, के एक वर्ष के भीतर बनकर तैयार हो जाने की उम्मीद है। इस का निर्माण वर्ष 2016 में शुरु हुआ था।

आर.एस.एस. ना तो कोई रजिस्टर्ड एन.जी.ओ. है और ना ही इसके खातों की कोई ऑडिट की जाती है तथा यह आयकर अधिनियम के दायरे में भी नहीं आता है और वास्तव में किसी को यह नहीं पता कि यह अपने फण्ड्स कैसे जुटाता है या इसे विदेशी फण्ड्स प्राप्त हो रहे हैं।

- तीन टावर वाली इस इमारत का पहला 12 मंजिला टावर एक साल में बन कर तैयार हो जाएगा। ऑफिस की इमारत का निर्माण 2016 में शुरू हुआ था। मात्र चंदे से इतना भव्य ऑफिस बनाए जाने पर कई सवाल उठ रहे हैं।

वर्ष 2016 में इस निर्माण कार्य की आधारशिला आर.एस.एस. प्रमुख मोहन भागवत ने 3.5 लाख वर्ग फीट के भूखण्ड पर रखी। यहां आर.एस.एस. का पुराना ऑफिस था, जिसका चयन विशालकाय दफ्तर के निर्माण के लिए किया गया। झण्डेवालान स्थित इस साइट को केशवगंज के रूप में जाना जाता है और केशव स्मारक

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कोटा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला ने नामांकन भरा

## नामांकन सभा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, डिप्टी सीएम पीसी बैरवा, मंत्री किरोड़ीलाल मीणा, विधायक संदीप शर्मा और कल्पना देवी आदि मौजूद रहे

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान कोटा-बूंदी लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी ओम बिरला की बुधवार को अपना नामांकन भरा। वहीं इससे पूर्व नामांकन रैली आयोजित हुई। यह सभा जेके पवेलियन स्टेडियम के बाहर रोड पर आयोजित हुई। इसके लिए एक पंडाल बनाया हुआ था। नामांकन रैली में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के शासन में भ्रष्टाचार की कहानी लिखी जाती थी। देश आतंकवाद से परेशान था और तुष्टिकरण के नाम पर वोट लिए जाते थे। कांग्रेस ने 7 दशक तक

- **कांग्रेस ने सात दशक तक गरीबी हटाने के नाम पर वोट मांगा। गरीबी इन्होंने हटाई नहीं बल्कि गरीबों को ठगने का काम किया है : मुख्यमंत्री**




**कोटा में आयोजित भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला की नामांकन रैली से पहले आयोजित सभा को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, ओम बिरला, मंत्रियों और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने संबोधित किया।**

गरीबी हटाने के नाम पर वोट मांगा। गरीबी इन्होंने हटाई नहीं बल्कि गरीबों को ठगने का काम किया है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार में डूबी हुई है और इस देश में भ्रष्टाचार की जननी भी कांग्रेसी है। कोटा एयरपोर्ट के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोटा में वादा किया था। इसके बाद सरकार बनते ही हमने पैसा ट्रांसफर कर दिया। जितनी भी बाधाएं और एनओसी चाहिए थी उसे दूर की है। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि कांग्रेस ने राम मंदिर को काल्पनिक बताया था। मंदिर के निर्णय को इन्होंने अटकाया है। जिन्होंने मंदिर बनवाया और मंदिर के लिए निर्णय किया उनके लिए निर्णय 26 अप्रेल को करना है। ओम बिरला ने पूरे राजस्थान की समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया है। लोकसभा में बैठकर उन्होंने राजस्थान की समस्याओं के निदान के लिए केंद्रीय मंत्रियों को बुलाया है। भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला ने कहा कि 2003 के बाद मैंने बेटे और भाई की तरह काम किया है। लोकसभा अध्यक्ष बनने के बाद भी संसदीय मर्यादा को आगे बढ़ने का ही काम किया है। मैं खुशी से कह सकता हूं कि मेरे कार्यकाल में ऐतिहासिक कार्य संसद में हुए हैं और रिकॉर्ड बना है। रिकॉर्ड विधेयक पारित हुए हैं। उन्होंने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि बाबरी मस्जिद के लिए चर्चा उनके समय हुई जबकि भाजपा के समय राम मंदिर निर्माण के संकल्प पर चर्चा की गई। यह दोनों पार्टियों के बीच का अंतर है।

कार्यक्रम में डिप्टी सीएम पीसी बैरवा, मंत्री किरोड़ी लाल मीणा, मदन दिलावर, हीरालाल नागर, विधायक संदीप शर्मा और कल्पना देवी मौजूद रहे। मंत्री मदन दिलावर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अगर एक भी वोट कांग्रेस को गया तो समझों की राम विरोधियों को गया है। इसलिए भूल कर भी वोट कांग्रेस को नहीं देना है। मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि पीएम मोदी की ताकत बढ़ाने के लिए 25 के 25 कमल के फूल (सीट) राजस्थान से हमें जीताकर भेजना है। हमें यह समझने की जरूरत है कि पाकिस्तान और चीन का इलाज कौन कर सकता है। पहली बार किसी देश में हुआ है कि 30 थानेदारों को जेल भेज दिया गया है। भ्रष्टाचार मिटाने के लिए भाजपा सरकार संकल्पित है।

# मकान में घुसा पैंथर, दो घंटे के बाद ट्रेंकुलाइज किया

## घर में कमरे में बंद महिला ने मेन गेट से पैंथर को आता देखा तो उसके होश उड़ गए

**उदयपुर,** (कासं)। गर्मी के प्रकोप के साथ ही पेयजल की तलाश में वन्यजीव आबादी इलाके में प्रवेश करने लगे हैं, बस्ती क्षेत्र में वन्यजीवों के प्रवेश से लोगों में भय व्याप्त हो गया है। ऐसा ही एक नजारा बुधवार को शहर के सेक्टर 14 में देखने को मिला जहां दिनदहाड़े पैंथर एक घर में घुस गया।

प्राप्त जानकारी अनुसार उदयपुर शहर के सेक्टर-14 में सुहालका भवन के पीछे गांधी नगर स्थित एक घर में बुधवार सुबह एक पैंथर घुस गया। घर में कमरे में बंद महिला ने मेन गेट से पैंथर को आता देखा तो उसके होश उड़ गए। उसने कमरे का गेट बंद किया और फिर उसकी सास को आवाज लगायी, सास ने भी खुद को कमरे में बंद कर लिया, फिर पति को सूचना दी। कॉलोनी वाले इकट्ठे हुए, लेकिन पैंथर के घर के

- **सूचना पर वन विभाग की टीम और सवीना थाना पुलिस मौके पर पहुंची**

अंदर होने से गेट के अंदर जाने की किसी की हिम्मत नहीं हुई।

क्षेत्रवासियों ने बताया कि पैंथर गांधी नगर सेक्टर 14 निवासी अर्जुन डांगी के घर में सुबह पैंथर घुस गया। जिस पर पैंथर मेन गेट से अंदर गया, उस समय घर पर अर्जुन डांगी की पत्नी जमना और बहु ज्योति मौजूद थी। पैंथर को घर के अंदर आता देख सबसे पहले ज्योति ने देखा था। पैंथर घर की पहली मंजिल पर एक ड्रम के पीछे जाकर बैठ गया। ज्योति ने बताया कि वे कमरे में प्याज काट रही थी, तभी उन्होंने मेन गेट से पैंथर को आता देखा जो सीढ़ियों से पहली मंजिल पर गया। पैंथर को देखते ही मैंने मेरी सास को आवाज दी, मेरी आवाज सुनकर उन्होंने भी बचने के लिए खुद को कमरे में बंद कर लिया। इसके बाद फोन कर घर में पैंथर आने की सूचना दी।

सूचना पर वन विभाग की टीम और सवीना थाना पुलिस मौके पर पहुंची। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद पैंथर को ट्रेंकुलाइज कर रेस्क्यू किया। सवीना थाना पुलिस और वन कर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मौके पर इकट्ठे हुए लोगों को संभाला, वहीं वन कर्मियों ने नेट लगाकर घर को कवर किया, ताकि पैंथर कूदकर पब्लिक की ओर न आ सके। इसके बाद वन विभाग की टीम ने पैंथर को ट्रेंकुलाइज कर रेस्क्यू किया। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

## 650 लीटर वाश नष्ट कराई

**जयपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव के मध्यनजर अवैध मदिरा की कशीदगी, भंडारण एवं बिक्री के विरुद्ध निरोधात्मक गतिविधियों के आदेश की पालना में बुधवार को अलसुबह जिला प्रतापगढ में आबकारी विभाग व पुलिस थाना धरियावद की टीम द्वारा अवैध हथकड़ शराब के विरूद्ध संयुक्त कार्यवाही करते हुए चित्तौड़िया, पंचागुड़ा, पिपलिया, लोहारफला और करमोई नदी में करीबन 650 लीटर उत्तेजित वॉश ड्रमों में भरी मिली। जिसे मौके पर ही नष्ट किया। वहीं 15 बोतल हथकड़ शराब जप्त कर एक अभियोग दर्ज किया गया।

# जेईई-मेन-2024 : अप्रेल सेशन की परीक्षा आज से

**कोटा** (निसं)। देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन के दूसरे सेशन की परीक्षा 4 अप्रेल से प्रारम्भ हो रही है। यह परीक्षा अप्रेल 4 से 12 अप्रेल के मध्य 11 पारियों में होगी, इसमें 4, 5, 6, 8 एवं 9 अप्रेल को बीई बीटेक की 10 पारियों में परीक्षा एवं 12 अप्रेल को एक पारी में बीआर्क की परीक्षा होगी। अप्रेल सेशन के लिए 11 लाख से अधिक स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन करवाया है, ऐसे में प्रत्येक दिन दो शिफ्ट में 2 लाख से अधिक स्टूडेंट्स परीक्षा देने वाले है।

प्रत्येक शिफ्ट में 1 लाख से अधिक स्टूडेंट्स परीक्षा में शामिल होंगे। साथ ही जनवरी परीक्षा के लिए पूर्व में 12 लाख 31 हजार विद्यार्थी पहले ही पंजीकृत हो चुके हैं। उसके उपरांत करीब तीन लाख विद्यार्थी अप्रेल परीक्षा के लिए नए पंजीकृत हुए हैं। ऐसे में जनवरी जेईई मेन दोनों सेशन मिलाकर यूनीक कैंडिडेट की संख्या 14 लाख से अधिक हो चुकी है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि विद्यार्थियों को सुबह की शिफ्ट में 7;20 से 8;30 के मध्य एवं दोपहर की शिफ्ट में 1;20 से 2;30 के मध्य रिपोर्ट करना है और परीक्षा शुरू होने से आधा घंटे पहले प्रवेश बंद कर दिए जाएंगे।

# 27 साल की विवाहिता ने ससुराल में फंदा लगाकर सुसाइड किया

## विवाहिता ने पहले वॉट्सऐप पर अपने परिजनों को सुसाइड नोट भेजा था

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर पंचशील नगर क्रिश्चियन गंज पुलिस थाना इलाके की रहने वाली 27 साल की विवाहिता ने अपने ससुराल में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। इससे पहले उसने वॉट्सऐप पर अपने परिजनों को सुसाइड नोट भेजा था। जिसमें अपनी ननद पर मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान करने का आरोप लगाया है। मामला अजमेर जिले के क्रिश्चियन गंज थाना क्षेत्र के पंचशील नगर में बुधवार सुबह साढ़े सात बजे का है।

क्रिश्चियन गंज थाना प्रभारी अरविंद चारण ने बताया कि मंगलवार देर रात पंचशील नगर निवासी मन्नत आसवानी उर्फ लवीना (27) पत्नी ललित असवानी ने अपने कमरे में चुन्नी से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। बुधवार सुबह सूचना मिलने पर महिला के पीहर पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे। इसके बाद क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने परिवार की मदद से शव को फंदे से उतारकर जेएलएन अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। विवाहिता के पास से

- **सुसाइड नोट में लिखा कि मेरा पति अफ्रीका जा रहा है मुझे छोड़कर, इसलिए मैंने ऐसा कदम उठाया है, इसमे मेरे पति की कोई गलती नहीं है**
- **अपनी ननद पर मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान करने का आरोप लगाया**

सुसाइड नोट मिला है। पुलिस के अनुसार परिवारजनों से शिकायत मिलने पर मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा। सुसाइड के कारणों को लेकर जांच की जा रही है।

तोपदड़ा निवासी मन्नत की मौसी कोमल लालवानी ने बताया कि उनकी बच्ची ने आत्महत्या करने से पहले सुसाइड नोट लिखा। जिसमें उसने लिखा कि मेरा घर तोड़ने वाली सिर्फ भारती है। सारा दिन ललित को भड़काती रहती है। खुद तो अपना घर बनाया नहीं, भाई का भी नहीं बनने दिया। उसने लिखा कि मेरा पति अफ्रीका जा रहा है मुझे छोड़कर इसलिए मैंने ऐसा कदम उठाया है, इसमे मेरे पति की कोई गलती नहीं है, उसकी बहन भारती की है। कोमल ने बताया कि रात 12 बजे के करीब मन्नत ने सुसाइड नोट लिखने के बाद इसे बहनों के वॉट्सऐप ग्रुप में भेजा था। जिसे पढ़ने के बाद उसने उसके पति ललित को फोन कर इसकी जानकारी दी, इसके बावजूद उसके पति ने किसी तरह का कदम नहीं उठाया। ललित ने कमरे के बाहर बैठकर शराब पी, इसके बाद जाकर सो गया। पीछे से मन्नत ने सुसाइड कर लिया। सुबह ललित ने मुझे फोन कर कहा कि मन्नत कमरे का गेट नहीं खोल रही है। इसके बाद वह अपने पूरे परिवार के साथ मौके पर पहुंची। गेट तोड़कर देखा तो बच्ची फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी। बच्ची को फंदे पर लटका देख ससुराल पक्ष के सभी लोग वहां से भाग निकले।

कोमल ने बताया कि जून 2022 में मन्नत की ललित से शादी हुई थी। शादी के कुछ महीने बाद ही मन्नत अपने पति ललित के पास अफ्रीका चली गई। अफ्रीका में मन्नत को टॉर्चर किया जा रहा था। ललित अपनी बहन भारती के बहकावे में आकर अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर रहा था। उसे पत्नी का सुख नहीं मिलता था। ललित अफ्रीका में लिकर कंपनी में काम करता था। मन्नत परिवार को फोन कर इसकी जानकारी देती थी, लेकिन परिवार के सभी सदस्य उसे समझा देते थे। फरवरी में मन्नत अपने पति के साथ भारत आ गई। 2 महीने पहले ही अलग घर बनवाकर वह रह रहे थे। कोमल ने कहा कि आज ललित और मन्नत अफ्रीका जाने वाले थे। मन्नत अफ्रीका जाने के लिए तैयार नहीं थी, क्योंकि ललित उसके साथ वहां पर मारपीट करता था। मंगलवार को ही मन्नत को एक कैफे में बुलाकर उसने अफ्रीका जाने के लिए मनाया था, लेकिन पति, ननद और सास के टॉर्चर से परेशान होकर उसने देर रात सुसाइड कर लिया।

## राजभवन ने कुलपति से मांगी रिपोर्ट

**जयपुर।** शेखावाटी यूनिवर्सिटी में आईटी, फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक व अन्य सामग्री की खरीद के लिए जारी 23 करोड़ के टेंडर के गडबडी मामले में सामाजिक कार्यकर्ता युनुस चौपदार की शिकायत पर राजभवन ने कुलपति से रिपोर्ट मांगी। विभिन्न श्रेणी की सामग्री के लिए नियम विरुद्ध एक ही टेंडर जारी किया गया था। वहीं केंद्र सरकार के वाणिज्य मंत्रालय व प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग में भी मामले की जांच शुरु हुई।

# पाली में भाजपा प्रत्याशी पी.पी. चौधरी ने नामांकन दाखिल किया

**पाली,** (नि.सं.)। भाजपा से लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार पीपी चौधरी ने अपना नामांकन करने के बाद पाली के विवेकानन्द सर्कल पर विशाल नामांकन सभा को संबोधित किया। जहां पूरे जिले से हजारों महिला-पुरुष कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भाजपा प्रदेश सहप्रभारी विजया राहटकर, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, केबिनेट मंत्री राज्यवर्द्धनसिंह राठौड़, केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, पूर्व सांसद पुष्प जैन, पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, प्रदेश सहप्रभारी प्रवेश वर्मा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पुनिया सहित 8 विधानसभा के विधायक, प्रदेश के आला नेता मौजूद भी रहे। इस दौरान भाजपा के नेताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह जनता ने विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को उनका चेहरा बताया, इस तरह लोकसभा चुनाव में भी बता देगी। डबल इंजन की सरकार जनता पूरी तरह खुश है। मोदी सरकार में अपराधिक गतिविधियों को लगाम लगी है और महिला सुरक्षा को बढ़ावा मिला है, महिलाओं को गैस, पेट्रोल के भाव में कमी,अब आगामी लोकसभा चुनाव में सभी 25 सीटों पर भाजपा अपना दबदबा हासिल करेगी। वही अबकी बार मोदी सरकार 400 पार का नारा दिया है जिसे कार्यकर्ता बूथ स्थल तक मतदाता को पहुंच कर पूरा करने का संकल्प ले, सभी बड़े नेताओं ने एक ही बात कही, राजस्थान के साथ पूरे देश में कमल खिलाना है। इसी कड़ी में पाली से सांसद को जीतकर मोदी जी के गले का हार बनाना है। नामांकन सभा में पूरे जिले से करीब 10 हजार लोग पहुंचे। मीटिंग के बाद प्रत्याशी पीपी चौधरी की विशाल रैली निकाली।

# फरार स्थाई वारंटी नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार

## रामगंज पुलिस ने तीन हजार किमी का सफर तय कर वारंटी को पकड़ा

**अजमेर,** (कासं)। जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार विश्नोई के दिशा निर्देशों पर स्थाई वारंटी की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत रामगंज थाना पुलिस ने तीन हजार किमी का सफर तय कर नेपाल बॉर्डर से बीस से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया।

रामगंज थाना अधिकारी रविंद्र सिंह ने बतायाकि एसपी देवेन्द्र कुमार विश्नोई के दिशा निर्देशों पर थाना क्षेत्र के स्थाई वारंटी की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत टीम का गठन किया गया। टीम ने थाने के स्थाई वारंटी मंसूर अली पुत्र साहब अली उर्फ शाहबुदीन निवासी ग्राम मिश्रोली कुवैरा भुआल पट्टी पोस्ट गोडरिया पुलिस थाना विसुनपुरा जिला कुशीनगर उत्तरप्रदेश हाल निवासी अशोक विहार कॉलोनी नारीशाला सुभाषनगर पुलिस थाना रामगंज को को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ 12 स्थाई वांरट है।

थाना अधिकारी सिंह ने बताया कि न्यायालय से जारीशुदा स्थाई वांरटी मंसूर अली के 12 स्थाई वांरट आमद थे, वारन्टी के सन्दर्भ में टीम को सूचना मिली थी कि नेपाल बॉर्डर के आसपास है। टीम को वांरटी की गिरफ्तारी हेतु कुशीनगर नेपाल वॉर्डर गांव मिश्रौली किया। टीम ने स्थानीय लोगों से जानकारी प्राप्त कर वारंटी की पत्नी वहीं निवासरत करती है, लेकिन वारंटी अपने घर से फरार था, जिसपर टीम ने वही रहकर रूप बदलकर गांव के निवासी बनकर तलाश में बैठी रही। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर टीम ने पीछा कर जंगल सिसवा उत्तरप्रदेश नेपाल बॉर्डर से स्थाई वारंटी मंसूर अली को दस्तयाब कर गिरफ्तार कर लिया।

# सभा में सांसद देवजी पटेल नहीं गिना सके उपलब्धियां

**जालोर,** (कासं)। जालोर शहर के भगतसिंह स्टेडियम में भाजपा प्रत्याशी लुम्बाराम चौधरी के नामांकन सभा में आयोजित सभा के दौरान के सांसद देवजी पटेल अपने भाषण में अपनी तीन कार्यकाल की उपलब्धियां नहीं गिना सके। वहीं भाजपा प्रत्याशी लुम्बाराम चौधरी भाषण के दौरान हड़बडाते हुए टिकट मिलने पर मुख्यमंत्री का बार-बार धन्यावाद देते नजर आये।

जालोर में मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी लुम्बाराम चौधरी की नामांकन सभा का आयोजन किया गया। नामांकन सभा प्रातः दस बजे रखी गई। लेकिन मुख्यमंत्री करीब सवा चार बजे मंच पर पहुंचे, जिसके चलते करीब पांच छह घंटे के लम्बे इंतजार के बाद काफी कार्यकर्ता अपने घर चले गये। ऐसे में सभा को सम्बोधित करते हुए सांसद देवजी पटेल ने कहा कि जालोर की जनता ने मुझे लगातार तीन इस क्षेत्र जीताया। इसका में आभारी हूँ। लेकिन वे अपने तीन कार्यकाल में किसी बड़ी उपलब्धि नहीं गिना सके। सांसद देवजी तीन बार मोदी लहर के चलते जीत दर्ज करते रहे, लेकिन जालोर के लिए उनकी कोई बड़ी उपलब्ध नहीं रही। केन्द्र से ना तो जालोर को नेशनल मार्ग से जोड़ सके, ना ही दिल्ली व जयपुर तक सीधे ट्रेन शुरू करवा सके, ना ही केन्द्र की योजना का लाभ जिले को दिला सके।

- **नामांकन सभा में भाजपा प्रत्याशी लुम्बाराम भाषण में हड़बड़ाये**

सभा के दौरान उन्होंने अपना गुस्सा प्रकट करते हुए कहा कि मीडिया वाले हमेशा कहते हैं कि सांसद ने तीन कार्यकाल में कोई कार्य नहीं किया।

इसके बाद वे अपनी उपलब्धियां गिनाने लगे। वहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के समक्ष भाजपा प्रत्याशी लुम्बाराम चौधरी को सम्बोधन करने दिया तो वे हड़बड़ा गये तथा पहले तो मुख्यमंत्री के चरण छुए। इसके बाद उन्होने कई बार अपने भाषण में टिकट मिलने पर मुख्यमंत्री का धन्यवाद दिया, इसके बाद देशी भाषा में भाषण दिया जो उपस्थित कई लोगों के समझ में नही आया। वहीं सिरोही की लोकल भाषा में अपने भाषण के दौरान सिरोही के विकास का ही बखान करते रहे। ऐसे में चौधरी का अभी से फोकस सिरोही जिले से अधिक नजर आ रहा है। ऐसे में जालोर जिले के लोगों को एक बार फिर निराशा हाथ लग सकती है। इस बीच सभा के दौरान बीस कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत ने भाजपा का दुप्पटा पहनाकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

# ओवरलोड बजरी भरे वाहनों पर रोक लगाने की मांग, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

## बजरी माफ़िया और डम्पर चालक के ख़िलाफ़ कोई कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी

**मांडलगढ़,** (निसं)। मांडलगढ़ क्षेत्र में रलायता ग्राम पंचायत के गांवों की सड़कों पर तेज गति से दौड़ते ओवरलोड बजरी भरे वाहनों लगाम कसने की मांग को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। हरिसिंह जी का खेड़ा गांव में तेज रफ्तार से सड़क पर दौड़ते अनियंत्रित हुए एक बजरी भरे डम्पर ने बिजली का खंभा धराशायी कर मकान का छज्जा तोड़ दिया। ग़नीमत रही कि रात होने से इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन बजरी माफ़िया और डम्पर चालक के ख़िलाफ़ कोई कार्रवाई नहीं होने पर ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

हरिसिंह जी का खेड़ा निवासी देवकिशन गुर्जर, हेमेंद्र सिंह, रामेश्वर गुर्जर, जयराम गुर्जर ने बताया कि रात्रि में निकट की बनास नदी से अवैध बजरी खनन व परिवहन कर सैकड़ों डम्पर, ट्रेलर और ट्रैक्टर-ट्रॉली तेज रफ्तार से गांव की सड़कों पर दौड़ते



**मांडलगढ़ के रलायता पंचायत में अवैध बजरी खनन के वाहनों से परेशान ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया।**

हैं। 30 मार्च की रात्रि में बजरी भरे डम्पर ने बिजली का पोल और मकान का छज्जा तोड़ दिया था। हादसे के थोड़ी देर पहले काफी लोग पोल के नजदीक चबूतरे पर बैठे हुए थे। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। इस हादसे को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने बीगोद थाने में शिकायत दी और बिजली निगम को सूचित किया। हादसे के बाद मोहल्ले की 4 दिन से बिजली बंद पड़ी हुई है और प्रशासन के जिम्मेदार किसी भी अधिकारी मौक़े का जायजा आज तक नहीं लिया है, न ही पुलिस ने कोई कार्रवाई की है।

बनास नदी में बडलियास से लेकर काछोला तक करीब 60 किलोमीटर तक बनास नदी में धड़ल्ले से बजरी का अवैध खनन बदस्तूर लगातार जारी है। नदी के किनारे सैकड़ों बजरी के स्टॉक लगे हुए हैं। बनास नदी

- **अवैध बजरी भरे डम्पर ने मकान के छज्जे को तोड़कर बिजली के खम्भे को धराशायी किया था**
- **मांडलगढ़ में रलायता पंचायत के हरिसिंह जी का खेड़ा गांव के मौहल्ले में चार दिन से बिजली गुल**

से प्रतिदिन 200 वाहनों में अवैध बजरी का परिवहन कर कोटा और मध्यप्रदेश ले जाया जा रहा है। बनास नदी की तह को बजरी माफ़िया ने मशीनों से 15 से 20 फीट गहराई तक खुदाई कर दी है। जिससे पर्यावरण के साथ जलस्तर का भी नुकसान हो रहा है। वहीं बडलियास, बीगोद, काछोला और मांडलगढ़ प्रशासन द्वारा बजरी माफ़िया के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिससे बजरी माफ़िया के हौसले बढ़ते जा रहे हैं, जबकि बीते साल अक्टूबर में ही बजरी खनन संवेदक का क्वेरी लाइसेंस ख़तम हो चुका है।

ग्रामीणों ने पुलिस और प्रशासन पर बजरी माफ़िया से मिलीभगत का आरोप लगाया है। बजरी माफ़िया पर कोई कार्रवाई नहीं होने पर ग्रामीणों ने आन्दोलन की चेतावनी दी है, ग्रामीणों का आरोप है कि बनास नदी में बजरी माफ़िया ने अपना साम्राज्य खड़ा कर लिया है और राजनीतिक संरक्षण के चलते बजरी का अवैध खनन बेख़ौफ़ होकर किया जा रहा है। जगह-जगह बजरी माफ़िया गिरोह के लोग एंट्री के नाम पर लाखों की वसूली कर रहे हैं।

बजरी माफ़िया गिरोह द्वारा बडलियास, बीगोद और काछोला के निकट बनास नदी से करीब 200 ट्रक-ट्रैक्टर ट्रोली से बजरी खनन और परिवहन कर बड़लियास, बीगोद, मांडलगढ़ और काछोला थाना क्षेत्र से होकर कोटा भेजा जा रहा है, जिससे सरकार को लाखों के राजस्व की चपत लग रही है।

# कानाराम हत्याकांड का खुलासा नहीं होने पर लोगों में आक्रोश




ग्रामीणों ने किशनगढ़ व सरवाड़ राजमार्ग जाम किया और हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बाजार बंद करवाये।

- आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लोगों ने सरवाड़ व किशनगढ़ राजमार्ग जाम किया
- बोराडा थाना के ग्राम ढिगारिया में गत दिनों 18 माह के मासूम कानाराम की हत्या का मामला

**सरवाड़,** (निसं)। सरवाड़ निकटवर्ती बोराडा थाना के ग्राम ढिगारिया में गत दिनों हुए 18 माह के मासूम कानाराम हत्याकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों में जन आक्रोश है। वहीं ग्रामीण तेजाजी महाराज के स्थान पर एकत्रित हुए। आसपास के ग्रामीण काफी संख्या में पहुंचकर रोष प्रकट किया। बुधवार को ग्रामीणों ने किशनगढ़ व सरवाड़ राजमार्ग जाम किया और हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बाजार बंद करवाया। टायर जलाकर रोड जामकर जनता धरने पर बैठ गयी।

धरनार्थियों का कहना है कि सांसद भागीरथ चौधरी व विधायक शत्रुघ्न गौतम की मौजूदगी में पुलिस कप्तान विनित कुमार बंसल ने तीन दिन में हत्यारों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया था। तब जाकर सांसद व विधायक गौतम की समझाइश के बाद बोराडा अस्पताल से मासूम कानाराम का शव उठाया गया था। वहीं उस समय प्रशासन ने तीन दिन में हत्यारों को गिरफ्तार करने की बात कही थी। बोराड़ा रोड़ जाम होने पर व बाजार बंद करवाने की सूचना मिलते ही पुलिस कप्तान विनित बंसल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामचंद्र सिंह उप अधीक्षक हर्षित शर्मा ने बोराडा पहुंचकर समझाइश का प्रयास किया।

परंतु जनता हत्यारों की तत्काल गिरफ्तार करने की मांग पर अड़ रही। जिससे स्थिति गंभीर हो गई। बोराडा में सरवाड़, केकड़ी, भिनाय, सराना, केकडी शहर का जाब्ता एवं पुलिस बल तैनात कर स्थिति को पुलिस ने नियंत्रित किया। वहीं जनता ने पुलिस प्रशासन पर आरोप जड़े कि उनके द्वारा दिये गए आश्वासन पूर्ण रूप से खोखले साबित हुए है पुलिस के हाथ आज भी असल हत्यारों तक नहीं पहुंच पाए है। ढिगारिया व बोराडा के धरनार्थियों ने पुलिस कप्तान से भेंट कर हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामचंद्र सिंह ने बोराडा से बताया कि 5 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने जिला पुलिस अधीक्षक विनित कुमार बंसल से भेंट करके हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग का ज्ञापन सौंपा है। पुलिस हत्यारों की गिरफ्तारी को लेकर पूर्ण मुस्तैदी से कार्य कर रही है। शीघ्र ही उनकी गिरफ्तारी की जाकर पीड़ित को न्याय दिलवाया जाएगा।

## राजस्थान टीम तीसरे स्थान पर

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निसं)। गाजियाबाद में आयोजित नेशनल शूटिंग बॉल चैंपियनशिप बालक एवं बालिका सब जूनियर ग्रुप वर्ग में राजस्थान की टीम नें तीसरा स्थान प्राप्त किया। राजस्थान टीम सहित कोच शक्की मोहम्मद के किशनगढ़ पहुंचने पर आतिशबाजी के बीच अभिनंदन किया गया।राजस्थान टीम में सात बालिकाओं ने भाग लिया।

बालिकाओं ने दिल्ली को सीधे सेटों में 21,11 वे 21,8 से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।टीम में किशनगढ़ से कप्तान शिरीन खान, रिया जोरम, भूमिका राव, नव्या यादव, भूमिका जोशी, दीक्षा राजपूत, एंजेल राठौर थी।सुभाष क्लब द्वारा टीम का स्वागत किया। अजमेर जिला शूटिंग बॉल संघ संरक्षक कैलाश अग्रवाल, जिलाध्यक्ष सर्वेश्वर अग्रवाल, उपाध्यक्ष राशिद, सुभाष क्लब सचिव अशोक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष गोपाल यादव, दीदार अली, पप्पू, जयवीर चौधरी, आर के सोढा, सतीश शर्मा, दामोदर जोरम, शाहरुख खान, राजेश चौधरी, राजेश सैनी, सृष्टि जोरम, शबाना काठेड़, मुस्कान काठेड़,प्रेरणा, पिंकी नांगलिया, हनुमान प्रजापत, पिंटू सिंह, मजीद, अनिल शर्मा, किशन राव, भूपेंद्र सिंह, एडवोकेट यूनुस खान, यासीन, फारूक , अजीज मोहम्मद मौजूद रहे। सुभाष क्लब अध्यक्ष शक्की मोहम्मद ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## चौधरी ने किया दूदू विधानसभा क्षेत्र का दौरा

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी रामचंद्र चौधरी ने आज दुदु विधानसभा क्षेत्र मैं चुनाव कार्यालय का उद्घाटन कर आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में कांग्रेसी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर पूर्व मंत्री बाबूलाल नागर एवं विधायक विकास चौधरी ने एक जुट होकर कांग्रेस प्रत्याशी चौधरी को विजयी बनाने का आव्हान किया।

कार्यकर्ता सम्मेलन मे दूदू ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवजी राम खुर्डिया फ़ागी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष किशन दाधीच.बी सी भाकर सरपंच दाँतरी गणेश डाबला अध्यक्ष सरपंच संघ मोजमाबाद पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष गणेश राम खोजी कजोड़ गुर्जर रमेश धाभाई डॉ इश्तियाक़ अहमद आरिफ़ शेख . तेजकरण चौधरी रामलाल अहलावत, रामकरण कांतवा, बलवंत चौधरी, घासी राम गुर्जर, मण्डल अध्यक्ष शंकर जाखड़, भेरूराम शेषमा, मेवाराम गुर्जर सहित सैकडों कांग्रेसियो ने चौधरी को जीताने का संकल्प लिया।

कांग्रेस प्रत्याशी चौधरी का अजमेर से दूदू मार्ग पर कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह माल्यार्पण कर साफा पहनकर स्वागत किया।

## मेला स्टेडियम और अस्थाई हेलीपेड का जायजा लिया

**पुष्कर,** (निसं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 6 अप्रैल को पुष्कर के मेला स्टेडियम में अजमेर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी भागीरथ चौधरी के पक्ष में विशाल आम सभा को संबोधित कर सकते है इसके लिए एस पी जी एवम जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है पहले ये सभा अजमेर के सुरसुरा में होने वाली थी लेकिन कई कारणों की वजह से पुस्कर में की जा रही है।। इससे संभाग की चारो लोक सभा सीट के मतदाता कार्य करता सभा में पहुंचेंगे।

आज एसपीजी के अधिकारियों ने प्रशासन और पुलिस के आला अधिकारियों के साथ सभा स्थल मेला स्टेडियम और अस्थाई हेलीपेड का जायजा लिया ।इस दौरान उपखंड अधिकारी निखिल कुमार पोद्दार, तहसीलदार सृष्टि जैन ,नायब तहसीलदार निर्मल राठौर, पुष्कर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉक्टर बनवारी लाल मीणा, ट्रैफिक पुलिस के इंचार्ज डिप्टी मनीष बडगूजर रहे ।वही एसपीजी के अधिकारियों और जिला पुलिस कप्तान देवेंद्र कुमार बिश्नोई ने होटल सरोवर आरटीडीसी में जिले के सभी विभागों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक ली। इस दौरान जल संसाधन मंत्री सुरेशसिंह रावत ,धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकारसिंह लखावत, मसूदा विधायक वीरेंद्रसिंह कानावत, पालिकाध्यक्ष कमल पाठक,जिला परिषद सदस्य महेंद्रसिंह मझेवला मौजूद रहे।

## स्वामी लीलाशाह की जयंती मनाई

**ब्यावर,** (निसं)। ब्रह्मखत्री समाज द्वारा योगीराज स्वामी लीलाशाह जी महाराज की 144 वी जयंती हर्ष,उल्लास और धूमधाम से मनाई गई।इस अवसर पर गौ शाला में गायो को गुड़ और हरा चारा खिलाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। अजमेर रोड़ स्थित केसरी नंदन गार्डन में आयोजित विशाल कार्यक्रम का शुभारम्भ रक्तदान शिविर के प्रारम्भ से किया गया। शिविर में युवाओ के साथ यूवतीयो ने भी रक्तदान करते हुए प्रेरणास्पद कार्य किया जिसमें 36 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में दोपहर भोजन प्रसादी के कार्यक्रम के पश्चात विशाल भजन संध्या के आयोजन में नागपुर महाराष्ट्र से मंजू श्री आसुदानी ने अपने सुमधुर भजनो से श्रोताओ को स्वामी जी की भक्ति में उतारते हुए खूब नचाया।

## अजमेर में फिर महिला के गले से चेन स्नेचिंग

**अजमेर,** (कासं)। शहर में सक्रिय बाइकर्स गैंग के बदमाश आए दिन मोबाइल, चेन स्नेचिंग की वारदात अंजाम दे रहे है। बाइकर्स गैंग महिलाओं को ही निशाना बना रहे है। बुधवार को एक बार फिर कोतवाली थाना क्षेत्र में मंदिर दर्शन के लिए जा रही महिला के गले से सोने की चेन तोड़ का मामला सामने आया है। बाइक सवार दो युवकों ने यह वारदात अंजाम दी और मौके से फरार हो गए। पीडिता महिला ने कोतवाली थाना पुलिस शिकायत दर्ज कराई है, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली थाना क्षेत्र के भिनाय कोठी विजयवर्गीय धर्मशाला के सामने रहने वाली नीतू सोनी पत्नी मुकुल सोनी ने बताया कि वह मंदिर दर्शन के लिए जा रही थी और पार्श्वनाथ कोलोनी के पास पहुंची थी कि तभी पीछे से मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों ने सामने से आकर गले में झपट्टा मारा और सोने की चेन लेकर फरार हो गए।

जब वह चिल्लाई तो स्थानीय लोगों ने उनको इधर-उधर देखा भी, लेकिन उनके बारे में कुछ पता नहीं चला सका। कोतवाली थाना पुलिस ने बुजुर्ग महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच एएसआई सुखपाल सिंह को सौंपी।

**बाइकर्स गैंग दे रहे वारदात-दर-वारदात:-** अजमेर पुलिस अपराध की रोकथाम में लगी हुई तो अपराधी उसका तोड़ ढ़ूंढ निकालते है। शहर में लूट व राहजनी की वारदातों में बढ़ोत्तरी हो रही है। हालांकि अभय कमांड सेंटर के सीसीटीवी कैमरों से शहर में नजर रखी जार ही है, लेकिन फिर भी बाइकर्स गैंग के बदमाश मोबाइल व चेन स्नेचिंग की वारदात अंजाम दे रहे है।

करीब दस दिनों के अंदर करीब यह चौथी वारदात अंजाम दी है। 23 मार्च को रामगंज थाने में, तो 1 अप्रैल को आदर्श नगर थाने क्षेत्र में 2 अप्रैल को गेगल थाना क्षेत्र में 3 अप्रैल को कोतवाली थाना क्षेत्र में बाइकर्स गैंग ने बुजुर्ग महिलाओं को निशाना बनाते हुए मोबाइल व चेन स्नेचिंग की वारदात अंजाम दी है। फिलहाल पुलिस बदमाशों की तलाश में है।

## 'देश में बढ़ रही महंगाई से आमजन परेशान'

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निसं)। विधायक डॉ विकास चौधरी नें कहा की देश के संविधान को बचाने के लिये कार्यकर्त्ता एकजुटता के साथ कांग्रेस उम्मीदवार को विजय बनाने हेतु जुट जाये। विधायक चौधरी नवनियुक्त प्रतिपक्ष नेता सहित ब्लॉक अध्यक्ष के पदभार समारोह में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा मजदूर, किसान, बेरोजगार युवाओं के संवेधानिक अधिकारों को बचाने का समय आ गया है, इसके लिये हम सभी को आपसी मतभेद भुलाकर देश की सबसे बड़ी महापंचायत में कांग्रेस उम्मीदवार रामचंद्र चौधरी को भेजना होगा। विधायक चौधरी नें कहा देश में लगातार बढ़ रही महंगाई से आमजन परेशान है, राहत देने के बजाय केवल झूठ के सहारे लोगो को गुमराह किया जा रहा है। नवनियुक्त नगर परिषद प्रतिपक्ष नेता हमीदा बानो, किशनगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष मोहित खंडेलवाल, नगर अध्यक्ष आजम कुरैशी, अंरा बटेसर नें पदीय दायित्व संभालते हुए प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, विधायक विकास चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान पार्षद रामसिंह मीणा, महेन्द्र यादव, रफीक चौहान, सुशील, घनश्याम सिंह सोढा, धन्नालाल यादव, पप्पू मेघवाल, पूर्व पार्षद विपेंद्र सिंह, राहुल चोरड़िया, जगदीश जीनगर, नसीम अहमद, मदन जाजोरिया, कलसुम शैख, हरिओम डाबी, किशनलाल मीणा, एडवोकेट दिनेश जाट, पवन शर्मा, विश्राम चौधरी, बार एसोसिएशन अध्यक्ष दीपक, किसान नेता कानाराम, श्रीराम गोडेश्वर, रामेश्वर, रामस्वरूप, जतन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जिले में 15.54 करोड़ की शराब, मादक पदार्थ, नकदी जब्त

**भीलवाड़ा,** (निसं)। लोकसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर निर्वाचन विभाग के निर्देश पर जिले में विभिन्न एनफोर्समेंट एजेंसियों ने आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद अब तक रिकॉर्ड 15 करोड़ 54 लाख 15 हजार रूपए से ज्यादा का मादक पदार्थ, शराब, नगदी और अन्य वस्तुएं पकड़ी है। जिला निर्वाचन अधिकारी नमित मेहता ने बताया कि जिले में अलग-अलग एजेंसियों की ओर से जारी रिपोर्ट में ये जानकारी दी गयी है। 16 मार्च 2024 से अब तक लगभग 18 लाख 82 हजार रुपए कैश, मादक पदार्थ 3 करोड़ 74 लाख रूपए, शराब लगभग 83 लाख 44 हजार रूपए और कीमती धातुओं व अन्य सामग्री की 10 करोड़ 77 लाख 88 हजार रूपए की जब्ती की गयी है। इन एजेंसियों में राज्य पुलिस, राज्य एक्साइज एवं वाणिज्यिक कर विभाग प्रमुख है।

## 120 किलो डोडा-चूरा जब्त, तस्कर फरार



पुलिस ने एक पिकअप से डोडा-चूरा जब्त किया।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एसपी राजन दुष्यंत के निर्देशन में जिले की विभिन्न थाना पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के परिवहन और तस्करी पर रोक लगाई जा रही है और लगातार इनके विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान कार्रवाई करते हुए एक पिकअप से 120 किलो डोडा-चूरा जब्त किया है। गुलाबपुरा थाना प्रभारी पूरणमल ने बताया कि गुलाबपुरा थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर नाकाबंदी के दौरान भीलवाड़ा की ओर से सफेद रंग की एक पिकअप आ रही थी, जिसमें दो व्यक्ति बैठे थे। ड्राइवर नाकाबंदी देखकर पिकअप को भगाकर ले जाने लगा। पुलिस ने पीछा किया तो कुछ दूरी पर पिकअप छोड़कर भाग गये। पुलिस ने जब पिकअप की तलाशी ली तो इसमें आठ कट्टों में डोडा-चूरा भरा हुआ मिला। पुलिस ने अवैध अफीम डोडा-चूरा और तस्करी में प्रयुक्त पिकअप थाने लाये। इन कट्टों का वजन करवाने पर यह 120 किलो पाया गया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कट्टों में भरा अवैध डोडा-चूरा और पिकअप को जब्त किया।

## रोडवेज बस ड्राइवर व कंडक्टर को पीटा

- ऑटो चालक व चार अन्य लोगों ने की मारपीट

**अजमेर,** (कासं)। सिविल लाइन थाने में रोडवेज बस ड्राइवर और कंडक्टर से ऑटो चालक द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है। बस चालक ने ऑटो चालक व उसके चार साथियों के खिलाफ राज कार्य में बाधा व मारपीट के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार काकलवाडा निवासी जीतराम चौधरी पुत्र पांचुराम ने थाने में लिखित शिकायत देते हुए एक ऑटो चालक सहित उसके चार साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज रिपोर्ट में जीतराम चौधरी ने पुलिस को बताया कि वह पिछले तीन साल से अजमेर डिपो अजमेर में संविदा पर रोडबस में ड्राइवर के पद पर कार्य कर रहा है। 2 अप्रैल रोडवेज बस को लेकर मालपुरा से अजमेर के लिए रवाना हुआ था। कंडक्टर मोहित शर्मा पुत्र सुरेश कुमार वैष्णव भी साथ था।

जीतराम चौधरी ने पुलिस को बताया कि रोडवेज बस को लेकर हेलिपेड हाईवे पुलिया से आगे रोडवेज वर्कशॉप के पास पहुंचा तो एक ऑटो चालक ने ओवरटेक करते हुए बस के सामने अपना ऑटो लगाया। ऑटो चालक और उसके आए चार अन्य लोगों ने उनके साथ मारपीट की। बीच बचाव करने पर परिचालक मोहित शर्मा के साथ भी मारपीट की। बस में बैठी सवारियों ने बीच-बचाव कर छुड़ाया, इसके बाद वे सभी भाग गए। आरोपियों ने सरकारी कर्मी के साथ ड्यूटी के दौरान मारपीट कर राजकार्य में बाधा पहुंचाई है। पुलिस ने बस चालक जीतमल की रिपोर्ट पर ऑटो चालक व चार अन्य साथियों के साथ राजकार्य का मामला दर्ज कर जांच एएसआई हरिराम को सौंपी है।

## कार्यशाला का उद्घाटन

**अजमेर,** (कासं)। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर के सूक्ष्म विभाग में 3 अप्रैल से 9 अप्रैल तक फर्मंटेशन की कौशल कार्यशाला का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अनिल कुमार शुक्ला ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि फास्ट फूड संस्कृति के इस समय में फर्मंटेड आहार पोषण और स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

भारत की धरा पर कठिन समय में आहार को लंबे समय तक प्रयोग कर सकने के लिए तरह-तरह के फर्मंटेड आहार बनाए जाते रहे हैं, इन्हें पुनर्जीवित करने के अलावा, विश्व के अन्य ऐसे आहारों की दुनिया में प्रवेश कर हमारे छात्र और उद्यमी स्वस्थ भारत के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। कार्यशाला की संयोजिका प्रो मोनिका भटनागर ने जानकारी दी कि विभाग के छात्रों के साथ-साथ अन्य छात्र भी इस कार्यशाला में भाग ले रहे हैं। कुछ प्रतिभागियों ने ऑनलाइन व्याख्यानों हेतु पंजीकरण किया है। इस कार्यशाला में सॉरक्रॉट, किमची, जिंजर एल, फ्रूट वाइन, एप्पल साइडर, कांजी, केफिर, चावल के फर्मंटेड उत्पाद और ब्रेड बनाना सिखाया जाएगा। कार्यशाला में प्रो आशीष भटनागर ने स्वागत भाषण दिया।

## श्री 1008 भगवान आदिनाथ जन्म कल्याणक महोत्सव सम्पन्न




भगवान आदिनाथ को ब्राहमी महिला मण्डल के द्वारा चांदी के पालने में बालक रूप में पालना झुलाया गया।

**अजमेर,** (कासं)। श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैसवाल जैन मन्दिर केसरगंज अजमेर में प्रातः 5:30 बजे आदिनाथ जन्म जयन्ती महामहोत्सव कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। प्रातः 5:30 बजे ब्राहमी महिला मण्डल की महिलाओं द्वारा मंगल बधाई के गीत गाये गये जिसमें समाज की महिलाओं ने भगवान आदिनाथ जी के मंगल बधाई गीत श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैसवाल जैन मन्दिर केसरगंज में गाये एवं इस अवसर पर भगवान आदिनाथ को ब्राहमी महिला मण्डल के द्वारा चांदी के पालने में बालक रूप में पालना झुलाया गया। सर्वप्रथम भगवान आदिनाथ शांतिधारा अभिषेक किये गये एवं भगवान की जन्म कल्याणक की पूजा अर्चना समस्त पुजारियों द्वारा की गई।प्रातः 8:30 बजे ध्वजारोहणकर्ता जयचन्द दीपचन्द मनोज अरूण जैन पॉण्डया परिवार द्वारा किया गया एवं भगवान के सारथी बनने का सौभाग्य प्राप्त किया।

भगवान के रथ के खवासी बनने का सौभाग्य हेमेन्द्र कुमार प्रमेन्द्र कुमार धमेन्द्र आदि साहबजाज परिवार ने प्राप्त किया। ध्वजारोहण के पश्चात् भगवान आदिनाथ की भव्य रथयात्रा केसरगंज जैन मंदिर से प्रारम्भ होकर गोल चक्कर, आर्य समाज मार्ग, स्टेषन रोड, क्लॉक टॉवर, गाँधी भवन चौराहा, मदार गेट से कवण्डसपुरा, जैन नमकीन, आदिनाथ मार्ग लाल कोठी, पड़ाव से होता हुआ आर्य समाज मार्ग होते हुए पुनः केसरगंज जैन मन्दिर पर समाप्त हुई। जुलूस में ब्राहमी, स्वतन्त्र जैन महिला प्रकोष्ठ, आदि सृष्टि व सुन्नदा महिला मंडल सहित महिलाएँ केसरिया व पुरूष श्वेत वस्त्र पहनकर धर्म ध्वजा लेकर आगे आगे चल रहे थे। जुलुस मे भगवान आदिनाथ को वैराग्य विषय पर झांकी सुनन्दा महिला मंडल के द्वारा सजाई गई। सार्वजनिक धर्म सभा का आयोजन आदिनाथ मार्ग लाल कोठी पड़ाव पर आयोजित किया गया।

## श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**बिजयनगर,** (निसं)। तेजा चौक से त्रिवेणी माता मंदिर परिसर में अयोध्या धाम की राष्ट्रीय कथा वाचक देवी राजनंदिनी तिवारी के मुखारविंद से1 अप्रैल से 7 अप्रैल तक संगीतमय भागवत कथा का आयोजन के तीसरे दिवस की कथा में व्यास पीठ से बोलते हुए देवी राजनंदिनी ने कहा है कि जीवन में कहीं संत नहीं मिल रहा हो गुरु नहीं मिल रहा हो तो हनुमान जी को भी गुरु मानते हुए उनके चरित्र से ही व्यक्ति अपने को आपको सर्वगुण संपन्न कर सकता है। देवी राजनंदिनी ने कहा कि भगवान की भक्ति की बाद भी मनुष्य के जीवन में ओरो के लिए दया का भाव नहीं तो भगवान का वन्दन पूजन व्यर्थ है ।भागवत कथा के दौरान मधुर भजनों की प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु भाव विभोर नाचते हुए कथा श्रवणका आनंद उठा रहे हैं।

यजमान धीरज सिंह चौहान अपने परिवार के साथ उपस्थित होकर व्यास पीठ की पूजा की कथा के दौरान शिव प्रसाद नागोरी, कमलेश कुमार सुरोलिया, सोम दत्त ओझा, ओम प्रकाश पारीक, देवकरण जालिया दितीय दिनेश जीनगर, शिव प्रसाद शर्मा, ओम प्रकाश यादव, सुनील दत्त ओझा, दीपक मगनानी व महेश टॉक सहित मातृशक्ति एवं भक्त उपस्थित रहे।

# सार-समाचार

## पोस्टर का विमोचन

**अजमेर,** (कासं)। आदिनाथ जयंती के उपलक्ष्य में दिगंबर जैन आचार्य परंपरा के अंतर्गत आचार्य विद्यासागर जी महाराज के देवलोक गमन के पश्चात जेस्ट व श्रेष्ठ मुनिराज 108 समय सागर जी महाराज आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के आशीर्वाद के अनुसार समय सागर जी महाराज को आचार्य पद से सुशोभित करने पर अजमेर के जैन समाज के विशिष्टजनों के द्वारा उनके पोस्टर का अनावरण किया गया। इस दौरान अनावरणकर्ता में अभय कुमार जैन साहबजाज, पवन बिरला सिटी वाटर पार्क, मनोज कोलानायक, विजय जैन पल्लीवाल, अजय जैन दनगसिया, अशोक जैन, प्रकाश जैन, विशुद्ध सागर जी महाराज के ब्रह्मचारी भैया सुशांत, विजय भैया, शशांक भईया, अभय भैया, प्रदीप पाटनी, सुशील बाकलीवाल, लोकेश जैन ने पोस्ट का विमोचन किया। शशांक भईया ने सकल जैन समाज अजमेर से अनुमोदन करवाया की आने वाला चातुर्मास आचार्य श्री का अजमेर में हो।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**भीलवाड़ा,** (निसं)। बदनौर थाने के अन्तर्गत हड़माड़ा निवासी चुनीलाल पिता मेगा राम गुर्जर की भैरू घाटी के पास सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। आसींद थाने के एएसआई श्रवण मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक चुनीलाल गुर्जर के पुत्र मुकेश गुर्जर ने रिपोर्ट में बताया कि आसींद से मोटरसाइकिल से उनके पिता मंगलवार देर शाम सात बजे अपने गांव हड़माड़ा जा रहे थे कि रास्ते में भैरू घाटी के पास मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर से घायल हो गए। घायल को आसींद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहीं इलाज के दौरान मौत हो गई। शव को आसींद मोर्चरी में रखवाया गया बुधवार प्रातः आसींद पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सुपुर्द किया। वहीं मृतक के पुत्र मुकेश गुर्जर ने बताया कि उनके तीन बहने वह एकमात्र पुत्र था वही पिता किसान थे।

## फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा,** (निसं)। आसींद पुलिस ने फरार स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया है। आसींद थाना प्रभारी हंसपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आसींद थाना क्षेत्र में एक लूट की वारदात हुई थी। इस मामले में जगदीश पिता प्रभु लाल माली भी आरोपी था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए कई प्रयास किए, लेकिन वह फरार चल रहा था। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी जगदीश अपने विजयनगर में आने वाला है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को विजयनगर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को गिरफ्तार कर आसींद थाने लाया गया, जहां उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस को उम्मीद है कि आरोपी से पूछताछ में लूट की वारदात का और कई खुलासे हो सकते हैं। आसींद थाने के कास्टेबल कालूराम और महेश ने दिया कार्यवाही को अंजाम।

## प्रतिभा खोज परीक्षा 12 मई को

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा 12 मई को आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया बुधवार से प्रारंभ हो गई। विलम्ब शुल्क के साथ 11 अप्रैल तक आवेदन किए जा सकेंगे। बोर्ड सचिव कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया कि दसवीं एवं बारहवीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा 12 मई को सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक सभी जिला मुख्यालयों पर होगी। एवं बैंक चालान मुद्रण करने की अन्तिम तिथि 3 अप्रैल से 10 अप्रैल एवं मुद्रित चालान द्वारा बैंक में शुल्क जमा कराने की तिथि 12 अप्रैल तक एवं विलम्ब शुल्क के सहित आवेदन करने की तिथि 11 से 14 अप्रैल और बैंक में शुल्क 16 अप्रैल तक जमा कराना होगा। ऑनलाइन आवेदन की हार्डकॉपी मय प्रमाण-पत्र तथा परीक्षार्थियों की सूची 22 अप्रैल तक भिजवानी होगी।

## स्वीप गतिविधियों का आयोजन

**शाहपुरा,** (निसं)। लोक सभा आम चुनाव 2024 के तहत मतदाता जागरूकता के क्रम में विकास अधिकारी पंचायत समिति शाहपुरा श्री चूनाराम विशनोई के निर्देशन में स्वीप कार्यक्रम के तहत पंचायत समिति शाहपुरा में हस्ताक्षर अभियान में कार्मिकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इसके बाद पोस्टर,स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त विकास अधिकारी प्रकाश चंद्र स्वर्णकार, सहायक प्रशासनिक अधिकारी सूर्य प्रकाश शर्मा,प्रगति प्रसार अधिकारी मनीषा सैनी, कनिष्ठ सहायक पवन कुमार चंदेल,सुनील, रेखा, कल्पना, मीना माली,लेखा सहायक चंदा साहू ने भाग लिया । प्रतियोगिता में पवन कुमार चंदेल प्रथम स्थान, मीना माली द्वितीयस्थान,ओर तृतीय स्थान पर चंदा साहू रही।

## मुख्य सूची में 41 अभ्यर्थी सफल

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक अभियंता-सिविल (स्वायत्त शासन विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2022 के तहत 41 अभ्यर्थियों को मुख्य सूची में सफल घोषित किया गया है। विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि उक्त परीक्षा के अन्तर्गत पात्रता जांच के लिए अभ्यर्थियों की विचारित सूची 29 दिसंबर 2023 को जारी की गई थी। इसके बाद सफल रहे अभ्यर्थियों की मुख्य सूची जारी की गई है। यह परिणाम माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर में विचाराधीन एसबी सिविल रिट याचिका संख्या 1808/2023 में पारित होने वाले अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगा।

## ए.डी.ए. ने की कार्यवाही

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर विकास प्राधिकरण के उपायुक्त उत्तर के निदेश पर बुधवार को हाथीखेडा क्षेत्र में बिना सक्षम स्वीकृती के बनाई जा रही कॉलोनी पर कार्यवाही की गई। जानकारी के अनुसार बुधवार को एडीए का पुलिस जाप्ता, पटवारी अंजना कंवर, आईएलआर भानुप्रताप सिंह ग्राम हाथीखेडा के खातेदारी खसरा नम्बर 1599, 1600, 1601, 1602, 1603, 1605 पर पहुचे। उक्त खसरा नम्बर की भूमि पर बिना सक्षम स्वीकृति के अवैध रूप से प्लाटिंग की जाकर कॉलोनी बनाई जा रही है। व उक्त कॉलोनी में बिना ले आउट स्वीकृति के अवैध रूप से पक्की डामर सडके बनाई जा रही थी। अवैध रूप से बनाई गई डामर सडक व प्लाट पिल्लर को जेसीबी की सहायता से खुर्द बुर्क किया गया।

## एक प्रत्याशी ने किए 3 नामांकन

**भीलवड़ा,** (निसं)। लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान भीलवाड़ा संसदीय क्षेत्र के लिए 28 मार्च 2024 को अधिसूचना जारी होने के पश्चात बुधवार को एक प्रत्याशी ने 3 नामांकन दाखिल किए। सह. प्रभारी अधिकारी (सांख्यिकी सूचना प्रकोष्ठ) ने जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए भीलवाड़ा संसदीय क्षेत्र से निर्वाचन के संबंध में बुधवार को इंडियन नेशनल कॉग्रेस से सी.पी. जोशी ने 3 नामांकन पत्र दाखिल किए। भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट://.../पर नाम निर्देशन पत्र, दाखिल किए गए अभ्यर्थियों के शपथ पत्र एवं अन्य जानकारियां देखी जा सकती हैं।

## 107 वर्षीय व्यक्ति का सफल ऑपरेशन

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निसं)। राठी हॉस्पिटल में 107 वर्षीय व्यक्ति के कूल्हे की हड्डी का ऑपरेशन सफल रहा। इटाखोई दूदू निवासी रामाकिशन पुरी के गिरने के कारण कूल्हे में फेक्चर हो गया। परिजनों नें तत्काल इनको राठी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। डॉ संजय राठी सहित टीम नें मॉड्यूलर ऑपरेटर थियटर में रॉड डालनें के साथ फिक्स कर सफलता पूर्वक ऑपरेशन किया। डॉ राठी इससे पहले भी शतायु मरीजों के ऑपरेशन कर चुके हैं। महिला चिकित्सक डॉ मंजू राठी नें बड़ी उपलब्धि के लिये अस्पताल स्टॉफ के प्रति हर्ष व्यक्त किया।

## परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सचिव कैलाश चंद्र शर्मा ने बुधवार को ब्यावर और आसपास विभिन्न स्कूलों में परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। सभी जगह व्यवस्थाएं सुचारू पाई गई। शर्मा ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खरवा, सनातन धर्म स्कूल ब्यावर, पटेल स्कूल, मोहम्मद अली स्कूल, छावनी स्कूल और जैन गुरूकुल स्कूल का निरीक्षण किया।

## भाभड़ा को पितृ शोक

**डीडवाना,** (कासं)। राष्ट्रदूत के डीडवाना संवाददाता राकेश भाभड़ा के पिता घनश्याम प्रसाद भाभड़ा का एक अप्रेल निधन हो गया। धनश्याम प्रसाद भाभडा पिछले लंबे से समय बीमार चल रहे थे। भाभड़ा अपने पीछे पूरा भरा परिवार छोड़ कर गए।



मयंक यादव को वर्ल्ड कप टीम में होना चाहिए लेकिन उनकी फिटनेस पर काफी कुछ निर्भर करेगा। मयंक ने दो मैच में 6 विकेट लिए हैं।
-वीरेन्द्र सहवाग

भारतीय क्रिकेटर, मयंक यादव की बल्लेबाजी की तारीफ करते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## एम. सिद्धार्थ



एलएसजी के युवा स्पिनर एम सिद्धार्थ का विराट कोहली को आउट करना किसी सपने से कम नहीं है। ये बात गेंदबाज ने खुद स्वीकार की है। लेकिन इस विकेट को लेने के पीछे की काहानी भी उतनी दिलचस्प है। एलएसजी के कोच जस्टिन लैंगर ने हाल ही में इसका खुलासा किया है। दरअसल, एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को एम सिद्धार्थ ने अपनी स्पिन के जादू में फंसा दिया। महज 22 रनों के निजी स्कोर पर सिद्धार्थ ने कोहली को आउट कर दिया। विराट इन दिनों बेहतरीन फॉर्म में हैं और ऑरेंज कैप भी उन्हीं के सिर पर है।

**क्या आप जानते हैं ?...** प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का विश्व रिकॉर्ड ब्रायन लारा के नाम है। लारा ने 1994 में वारविकशायर की तरफ से डरबन के खिलाफ 501 रन की नाबाद पारी खेली।

## कोलकाता की लगातार तीसरी जीत
# दिल्ली को 106 रन से हराया



विशाखापटन, 3 अप्रेल। कोलकाता नाइटराइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग-2024 में लगातार तीसरी जीत हासिल की है। टीम ने मौजूदा सीजन के 16वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को 106 रन से हराया। इस लीग में  ने  को 3 साल बाद हराया है। टीम को आखिरी जीत 2021 में मिली थी। विशाखापट्टनम के डॉ. वाईएस राजशेखर रेड्डी क्रिकेट स्टेडियम में बुधवार को कोलकाता ने टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 272 रन बनाए।

टीम ने  का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया। यह कोलकाता का इस लीग में सबसे बड़ा स्कोर है। जवाबी पारी में दिल्ली की टीम 17.2 ओवर में 166 रन पर ऑलआउट हो गई। सुनील नरेन ने 39 बॉल पर 7 चौके और 7 छक्के के सहारे 85 रन बनाए, जबकि अंगकृष रघुवंशी ने 27 बॉल पर 54 रन बनाए। आंद्रे रसेल ने 19 बॉल पर 41 रन की पारी खेली। वहीं रिंकू सिंह ने 8 बॉल पर 26 रन बनाए। एनरिक नोर्त्या ने तीन विकेट झटके, जबकि ईशांत शर्मा को 2 विकेट मिले।  के कप्तान ऋषभ पंत (55 रन) और ट्रिस्टन स्टब्स (54 रन) ने अर्धशतक जमाए। वरुण वक्रवर्ती और वैभव अरोड़ा ने 3-3 विकेट झटके।

18वें ओवर की दूसरी बॉल पर रसेल ने एनरिक नोर्त्या का विकेट लेकर अपनी टीम को 106 रन की जीत दिला दी है। यह दिल्ली की लगातार तीसरी जीत है। 17वें ओवर में दिल्ली ने 9वां विकेट गंवाया। वैभव अरोड़ा ने इस ओवर की पहली बॉल पर रसिख सलाम को सॉल्ट के हाथों कैच कराया। 16वें ओवर की पहली बॉल पर दिल्ली ने 8वां विकेट गंवाया। यहां सुनील नरेन ने सुमित कुमार (7 रन) को मनीष पांडे के हाथों कैच कराया।15वें ओवर की आखिरी बॉल पर ट्रिस्टन स्टब्स 54 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें वरुण चक्रवर्ती ने स्टार्क के हाथों कैच कराया। यह वरुण का तीसरा विकेट है और दिल्ली को 7वां झटका लगा है।

14वां ओवर डालने आए सुनील नरेन के एक ओवर में तीन छक्के पड़े। स्टब्स और सुमित की जोड़ी ने इस ओवर में 19 रन बटोरे। इस ओवर के बाद दिल्ली का स्कोर 148/6 रहा। 13वां ओवर लेकर आए वरुण चक्रवर्ती ने एक ओवर में दो विकेट लिए। उन्होंने 55 रन बना चुके पंत को आउट करके 90  की साझेदारी तोड़ी। फिर नए बल्लेबाज अक्षर पटेल को पवेलियन भेज दिया। इस ओवर के बाद दिल्ली का स्कोर 129/6 रहा।

## कुर्सी पर गुस्सा उतारते नजर आए किंग कोहली



विशाखापटनम, 3 अप्रेल । रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम मंगलवार को आईपीएल 2024 में अपना तीसरा मुकाबला हार गई है। लखनऊ सुपर जायंट्स ने चिन्नास्वामी स्टेडियम में बेंगलुरु को 28 रन से हराया। लखनऊ द्वारा मिले 182 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए बेंगलुरु की टीम 153 रन ही बना सकी। जारी सीजन में बेंगलुरु की ये लगातार दूसरी हार है। मंगलवार को लखनऊ के खिलाफ आरसीबी के बल्लेबाजों ने खराब प्रदर्शन किया। पूर्व कप्तान विराट कोहली ड्रेसिंग रूम में काफी दुखी नजर आए, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2024 में अपने अभियान की शुरुआत हार के साथ की। पहले ही मैच में चेन्नई ने उसे हराया। दूसरे मैच में आरसीबी ने पंजाब को हराया। इसके बाद कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ उसे हार का सामना करना पड़ा। अगर टीम को प्लेऑफ में जगह बनानी है तो उसे अपने अगले मुकाबले जीतने होंगे, क्योंकि इस बार प्लेऑफ के लिए कड़ी टक्कर होने वाली है। आरसीबी की गेंदबाजों ने उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं किया है। यही हाल बल्लेबाजों का भी रहा है। विराट कोहली के अलावा अन्य बल्लेबाजों ने जिम्मेदारी से नहीं खेला है। विराट ने दो फिफ्टी लगाई है। लेकिन फाफ डुप्लेसी, कैमरन ग्रीन और ग्लेन मैक्सवेल जैसे बड़े नाम फ्लॉप रहे हैं। इस बीच विराट कोहली का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह काफी निराश दिखाई दे रहे हैं।

## चोटिल होने के कारण शिव मावी हुए लीग से बाहर

नई दिल्ली, 3 अप्रेल । लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज शिवम मावी इंडियन प्रीमियर लीग 2024 से बाहर हो गए हैं। शिवम मावी चोट के चलते आईपीएल के 17वें सीजन से बाहर हो गए हैं। उन्होंने इस सीजन में एक भी मैच नहीं खेला है। शिवम मावी आईपीएल 2024 के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स का हिस्सा बने थे। लखनऊ सुपर जायंट्स ने मंगलवार को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु के खिलाफ जीत दर्ज की। शिवम मावी को लेकर लखनऊ सुपर जायंट्स ने आधिकारिक बयान में कहा कि, दुर्भाग्य से चोट के चलते शिवम मावी आईपीएल 2024 से बाहर हो गए हैं। दिसंबर में इस दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने ऑक्शन के दौरान हमें ज्वाइन किया था और सीजन के आगाज से पहले प्री-सीजन कैंप का हिस्सा भी बना था। शिवम मावी हमारी स्क्वॉड का अहम हिस्सा थे, इसलिए शिवम के साथ-साथ हम भी दुखी हैं कि उनके लिए ये सीजन काफी जल्द खत्म हो गया। हम उम्मीद करते हैं कि वह जल्द बेहतर हो कर लौटे।



## श्रीलंका ने बांग्लादेश को 192 रन से हराया

चटगांव, 3 अप्रेल। श्रीलंका के गेंदबाज लाहिरू कुमारा के चार विकेट और कामिंडु मेंडिस के तीन विकेटों की बदौलत दूसरे टेस्ट मैच में बंगलादेश को 192 रनों से करारी हरा दी। जहूर अहमद चौधरी स्टेडियम में टेस्ट मैच के पांचवें एवं आखिरी दिन बंगलादेश ने सात विकेट पर 268 रनों के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया और 50 रन जोड़कर मेजबान टीम ने अपने आखिरी तीन विकेट गवां दिये। कामिंडु मेंडिस ने तैजुल इस्लाम 14 रन को आउट कर बंगलादेश को आठवां झटका दिया। उसके लाहिरू ने हसन महमूद छह रन और खालिद अहमद दो को आउट कर बंगलादेश की पारी को 318 रन पर समेट दिया। मेहदी हसन मिराज ने बंगलादेश के लिये दूसरे पारी में सबसे अधिक नाबाद 81 रनों की पारी खेली।

श्रीलंका के लाहिरू कुमारा ने दूसरी पारी में चार विकेट लिये। जबकि कामिंड मेंडिस के खाते में तीन और प्रभात जयसूर्या ने दो विकेट झटके। विश्वा फर्नांडो ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले श्रीलंका की दूसरी पारी की शुरुआत खराब रही और उसने दूसरे ओवर में ओपनर दिमुथ करुणारत्ने चार का विकेट गवां दिया। इसके बाद खालिद अहमद ने तीसरे ओवर में कुसल मेंडिस दो रन को बोल्ड आउट किया। निशान मदुश्का 34 रन बनाकर आउट हुये। दिनेश चांडीमल और कामिंदु मेंडिस नौ-नौ रन बनाकर पवेलियन लौट गए। श्रीलंका ने सात विकेट पर 157 रन बनाकर पारी घोषित कर दी थी।

पहली पारी के आधार उसने बंगलादेश को 511 रनों के लक्ष्य दिया था। दूसरी पारी में बंगलादेश के बल्लेबाजों ने पिच पर टिकने के प्रयास किया, लेकिन श्रीलंकाई गेंदबाजों के आगे उन्होंने घुटने टेक दिये। मोमिनुल हक 50 रन, लिटन कुमार दास 38 रन, शाकिब अल हसन 36 रन, नजमुल शान्तो 20 रन और ज़ाकिर हसन 19 रन बनाकर आउट हुये। सातवें विकेट के रूप में शहादत हुसैन 15 रन को कामिंडु ने पगबाधा आउट किया। टेस्ट मैच के तीसरे दिन श्रीलंकाई गेंदबाजों असिथा फर्नांडो के चार विकेट, विश्वा फर्नांडो, लाहिरू कुमारा और प्रभात जयसूर्या ने दो-दो विकेट चटाते हुए बंगलादेश की पहली पारी को 178 रन पर समेट दिया। उसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंकाई टीम की बल्लेबाजी लड़खड़ा गई। उसके बल्लेबाजों की बंगलादेश के तेज गेंदबाज हसन महमूद और खालिद अहमद ने खूब खबर ली और किसी को भी पिच पर टिकने नहीं दिया। हसन महमूद ने 51 रन देकर चार विकेट और खलिद अहमद 29 रन देकर दो विकेट की कातिलाना गेंदबाजी के दम पर मैच पर पकड़ बनाने का प्रयास किया।

श्रीलंका ने पहली पारी में कुसल मेंडिस 93 रन, कामिंडु मेंडिस नाबाद 92 रन, दिमुथ करुणारत्ने 86 रन, कप्तान धनंजय डीसिल्वा 70 रन और दिनेश चांदीमल 59 रनों की शानदार परियों के दम पर 531 रन बनाये थे। बंगलादेश ने पहली पारी में जाकिर हसन ने 54 रन, मोमिनुल हक 33 रन, तैजुल इस्लाम 22 और महमुदुल हसन जॉय 21 रनों का योगदान दिया। श्रीलंका को पहली पारी के आधार पर 353 रन की बढ़त मिली थी।

## हार्दिक सिंह ने करियर को दिशा देने का श्रेय जुगराज सिंह को दिया

नई दिल्ली, 3 अप्रेल । भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उपकप्तान हार्दिक सिंह को अगर अपने मामा और भारत के पूर्व ड्रैग फ्लिकर जुगराज सिंह से समय पर सलाह नहीं मिलती तो वह 2017 में ही नीदरलैंड चले जाते जब वह राष्ट्रीय शिविर में जगह बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे थे लेकिन सफलता नहीं मिल रही थी।

जालंधर के खुसरोपुर गांव के रहने वाली मिडफील्डर हार्दिक ने कहा कि अगर उनके मामा जुगराज उन्हें एकाग्र रहने के लिए प्रेरित नहीं करते तो वह भारत के लिए खेलने का अपना सपना छोड़ने की कगार पर थे। हार्दिक ने 'पीटीआई' से विशेष बातचीत में कहा, "14 साल की उम्र में मोहाली हॉकी अकादमी से जुड़ने के बाद मैं सब-जूनियर स्तर से सीनियर स्तर तक अच्छी गति से आगे बढ़ा। लेकिन कुछ वर्षों के बाद, मैंने खुद को ऐसी स्थिति में पाया जहां मैंने आत्मविश्वास खो दिया था क्योंकि राष्ट्रीय शिविर के लिए नजरअंदाज किया जा रहा था। साथ ही उन्होंने कहा, उस समय, 2017 में, मैंने क्लब हॉकी खेलने के लिए नीदरलैंड में स्थानांतरित होने के बारे में सोचा था। मैंने भारत का प्रतिनिधित्व करने की उम्मीद छोड़ दी थी।

अगर उन्होंने (जुगराज) उस समय मेरा मार्गदर्शन नहीं किया होता तो मैं यहां नहीं होता। जब आप अच्छा कर रहे होते हैं तो आपको अच्छे मार्गदर्शन की जरूरत होती है।" हार्दिक ने कहा, "उन्होंने मुझे देश में हॉकी को और अधिक देखने तथा अपने खेल में सुधार करने की सलाह दी। उस समय मैं 18-19 साल का था इसलिए मैंने सोचा कि स्वयं को कुछ और समय दिया जाए।" उन्होंने कहा, "उन्होंने (जुगराज) मुझसे कहा कि उम्र आपके पक्ष में है। आपके पास खेल है, आप भारत में रहकर भी चमक सकते हैं। घरेलू टीमों के लिए खेलें और अपना कौशल दिखाएं ताकि लोग आपके बारे में जान सकें।" इस मिडफील्डर ने कहा, "अगर उनका मार्गदर्शन नहीं होता तो मैं आज यहां नहीं होता।

## 11 साल की उम्र में छोड़ा घर, माता-पिता दोनों इंडियन प्लेयर, पहली ही पारी में ठोकी फिफ्टी

विशाखापट्टनम, 3 अप्रेल । आमतौर पर मायानगरी मुंबई में लोग बॉलीवुड में करियर बनाने पहुंचते हैं, लेकिन दिल्ली में पैदा हुए अंगकृष रघुवंशी जब 11 साल की उम्र में मुंबई पहुंचे तो उनके इरादे कुछ और ही थे। अब 3 अप्रैल की रात जब उन्होंने अपनी पहली ही आईपीएल पारी में सिर्फ 25 गेंद में फिफ्टी ठोकी तो बॉलीवुड के किंग खान भी उनके सम्मान में खड़े हो गए। सिर्फ 18 साल के अंगकृष रघुवंशी का वैसे तो आरसीबी के खिलाफ पिछले मैच में बतौर इम्पैक्ट प्लेयर आईपीएल डेब्यू हो चुका था, लेकिन बैटिंग करने का पहला मौका बुधवार रात मिला। जहां दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए दाएं हाथ का यह युवा बल्लेबाज 27 गेंद में 54 रन बनाकर आउट हुआ। इस दौरान अंगकृष ने 200 की प्रचंड स्ट्राइक रेट से पांच चौके और तीन छक्के भी उड़ाए। भारत ने 2022 में हुए अंडर-19 वर्ल्ड कप का फाइनल जीता था। उस टूर्नामेंट में अंगकृष स्टार बनकर उभरे थे। यूगांडा के खिलाफ मैच में उन्होंने 144 रन की पारी खेली थी। वर्ल्ड कप के उस सीजन में अंगकृष भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने थे, जिन्होंने 6 मैच में 46.33 की शानदार औसत के साथ 278 रन बनाए थे।

## श्रीलंका की जीत से टेस्ट चैम्पियनशिप की अंकतालिका में बड़ा बदलाव



नई दिल्ली, 3 अप्रेल। श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच खेली गई दो मैचों की टेस्ट सीरीज बुधवार को खत्म हो गई। श्रीलंका ने मेजबानों के खिलाफ 2-0 से जीत हासिल कर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियशिप की अंक तालिका में बड़ा बदलाव किया। इससे पाकिस्तान को तगड़ा नुकसान हुआ है जबकि भारत अभी भी टॉप पर काबिज है। बता दें कि, श्रीलंका ने दूसरे टेस्ट मैच को पांचवें दिन 192 रन से जीत लिया। इससे पहले टीम ने पहला मुकाबला 328 रन से जीता था। श्रीलंका इस जीत के साथ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियशिप की अंक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई है। इससे पहले टीम 33.33 अंक प्रतिशत के साथ छठे स्थान पर थी।

## कोच से किया विराट कोहली को आउट करने का वादा, फिर सिद्धार्थ ने कर दिया कमाल

नई दिल्ली, 3 अप्रेल । एलएसजी के युवा स्पिनर एम सिद्धार्थ का विराट कोहली को आउट करना किसी सपने से कम नहीं है। ये बात गेंदबाज ने खुद स्वीकार की है। लेकिन इस विकेट को लेने के पीछे की काहानी भी उतनी दिलचस्प है। एलएसजी के कोच जस्टिन लैंगर ने हाल ही में इसका खुलासा किया है। दरअसल, एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को एम सिद्धार्थ ने अपनी स्पिन के जादू में फंसा दिया। महज 22 रनों के निजी स्कोर पर सिद्धार्थ ने कोहली को आउट कर दिया। विराट इन दिनों बेहतरीन फॉर्म में हैं और ऑरेंज कैप भी उन्हीं के सिर पर है।

ऐसे में ये कहना गलत नहीं होगा कि लखनऊ के दिए 182 रन के लक्ष्य को विराट कोहली के लिए हासिल करना आसान होगा। लखनऊ सुपर जायंट्स ने ड्रेसिंग रूम का एक वीडियो शेयर किया है। जिसमें मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने खुलासा किया कि उन्होंने स्पिन गेंदबाज से विराट कोहली को आउट करने केबारे में पूछा था और सिद्धार्थ ने बिना सोचे हां में जवाब दिया था। लैंगर वीडियो में सभी को बता रहे हैं कि, सिद्धार्थ को लेकर मेरे मुंह से जो पहली बात आती है वह है, मैंने उससे कभी बात नहीं की थी। मैंने उन्हें आर्म बॉल कराते हुए देखा और कहा कि, हे सिड, तुम्हें लगता है कि तुम हमारे लिए विराट कोहली को आउट कर सकते हो? उसने कहा कि येस सर और जैसा कि आपको पता है, उन्होंने विराट को आउट किया।

## पंजाब के बल्लेबाजों के सामने गुजरात के गेंदबाजों की कड़ी चुनौती

अहमदाबाद, 3 अप्रेल । आज अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स के बीच आईपीएल 2024 का 17वां मुकाबला खेला जाएगा। वहीं गुजरात की टीम को गेंदबाजों की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। पंजाब किंग्स ने विरोधी के मैदान पर अपने पिछले दो मुकाबले गंवाए हैं और टाइटंस के खिलाफ हार से उसकी राह मुश्किल हो सकती है।

दूसरी तरफ टाइटंस की टीम पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद पर सात विकेट की आसान जीत के बाद आत्मविश्वास से भरी है। पंजाब किंग्स की टीम के पास पिछले मैच में मयंक की गति का कोई जवाब नहीं था और उसके शीर्ष क्रम के अधिकांश बल्लेबाज नियमित रूप से 150 किमी प्रति घंटा से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहे इस तेज गेंदबाज का सामना करने के लिए तैयार



नहीं थे। मयंक बल्लेबाजों के शरीर को लक्ष्य बनाकर गेंदबाजी कर रहे हैं जिससे उन्हें काफी परेशानी हो रही है।

अनुभवी तेज गेंदबाज मोहित शर्मा के सामने पंजाब किंग्स को अलग तरह की चुनौती का सामना करना पड़ेगा। मोहित नकल बॉल, धीमे बाउंसर और वाइड यार्कर का काफी अच्छा इस्तेमाल करते हैं और इस साल आईपीएल में मयंक के अलावा ऐसे तेज गेंदबाज अधिक सफल रहे हैं जो अच्छी धीमी गेंदबाजी करने में सक्षम हैं। इससे शिखर धवन, जॉनी बेयरस्टो और जितेश शर्मा जैसे बल्लेबाजों को अलग तरह की चुनौती का सामना करना होगा जिन्हें गेंद का बल्ले पर आना पसंद है।

पिछले मैच में पैर की मांसपेशियों में हल्की चोट के बाद अगर लियाम लिविंगस्टोन अनुपलब्ध रहते हैं तो पंजाब की मुसीबत और बढ़ जाएगी। पंजाब को इसके अलावा राशिद खान और नूर अहमद की फिरकी का भी सामना करना होगा। टाइटंस की टीम में शामिल अफगानिस्तान के तीसरे खिलाड़ी अजमतुल्लाह ओमरजई अपने ऑलराउंड कौशल से पंजाब किंग्स की मुश्किलें बढ़ा सकते हैं। पंजाब की बल्लेबाजी से अधिक चिंता का विषय उसकी गेंदबाजी है, विशेषकर डेथ ओवरों में।

## मुस्तफिजुर रहमान का सनराइजर्स के खिलाफ खेलना संदिग्ध

नयी दिल्ली, 3 अप्रेल । चेन्नई सुपर किंग्स(सीएसके) के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान टी-20 विश्वकप से पहले वीजा लेने के संबंध में स्वदेश लौट गए हैं ऐसे में उनका शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले अगले मैच में खेलना संदिग्ध माना जा रहा है।

मुस्तफिजुर ने अपनी कटर्स और अधिक गति से सीएसके के आक्रमण को धार दी है। वह तीन मैचों में 15.14 की औसत और 8.83 की इकॉनमी से सात विकेट लेकर शीर्ष पर हैं।

सीएसके के लिए शुरुआत करते हुए सात में से चार विकेट उनके 10 गेंद के भीतर आए है। यह कारनामा उन्होंने 22 मार्च को चेपॉक में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पहले मैच में किया था। वह आईपीएल 2024 की नीलामी में बिकने वाले इकलौते बंगलादेशी क्रिकेटर हैं।

मुस्तफिजुर की अनुपस्थिति में सीएसके श्रीलंका के मिस्ट्री स्पिनर महीश थीक्षणा को हैदराबाद के खिलाफ खिला सकती है। इसके अलावा इंग्लैंड के ऑफ स्पिनर मोईन अली भी एक विकल्प है। सीएसके के गेंदबाजी सलाहकार एरिक सिमंस ने कहा, आपके लाइन-अप में सभी तरह के विकल्प होना बहुत महत्वपूर्ण है। आप यह समायोजन कर सकते है। यह आपकी टीम को संतुलन देता है। अगर आप ये समायोजन नहीं कर सकते तो आपके पास जो है आप उसका इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा, हमारे पास एक अच्छी बल्लेबाज़ी मज़बूती है, शीर्ष क्रम पर ऑलराउंडर हैं, तो यह हमारे संतुलन में बड़ा अंतर पैदा करता है। हकीकत यह है कि वे बहुत अलग हैं, बाएं हाथ के गेंदबाज का होना अहम है, कई तरह की धीमी गेंद होती हैं लेकिन जो मुस्तफिजुर और मथीशा करते हैं वह विशेष है। कोई उनका सामना नहीं करना चाहता, हमारे बल्लेबाज उनका सामना नहीं करना चाहते और मैं कह सकता हूं कि विरोधी टीम भी उनका सामना नहीं करना चाहती।

# ‘भाजपा जालोर सिरोही में जवाई बांध का पानी लाएगी’

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने जालोर-सिरोही के भाजपा प्रत्याशी लुम्बाराम चौधरी की नामांकन सभा में घोषणा की

जालोर, 3 अप्रेल (कासं)। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को जालोर सिरोही के भाजपा प्रत्याशी लुम्बाराम चौधरी की नामांकन सभा को सम्बोधित किया। जालोर शहर के भगत सिंह स्टेडियम में आयोजित सभा में उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी झूठ व लूट की पार्टी है। प्रदेश में कांग्रेस कार्यकाल में भ्रष्टाचार बढ़ने के साथ महिला अत्याचार की घटना बढ़ी हैं। भाजपा सरकार आने के बाद भ्रष्टाचार व महिला अत्याचार की घटनाओं पर अंकुश लगा है। उन्होंने कहा, जालोर - सिरोही में जल की समस्या का समाधान करने के लिए माही व जवाई का पानी लाने का भाजपा वादा करती है।

उन्होंने कहा, हमारी सरकार को साढे तीन महिने हुए हैं, लेकिन हमने करीब अस्सी प्रतिशत वादे पुरे किये है। भजनलाल ने अशोक गहलोत पर निशाना साधा और कहा, पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत अपने पुत्र को अपने गृह जिले से भी नही जिता सके। पानी की समस्या हल करने के लिए प्रधानमंत्री से आग्रह कर दो साल जल जीवन योजना को बढाया गया। ताकि पानी की समस्या से किसी को भी नही जुझना पड़े। एक साल में हमारा लक्ष्य जवाई व माही का पानी लाना होगा। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीबी हटाने की कई लोक कल्याणकारी योजनाएं शुरु की हैं इसलिए भाजपा के प्रत्याशी लुम्बाराम चौधरी को विजयी बनाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हाथ मजबूत करें।

केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने भी सभा को सम्बोधित किया और कहा कि भाजपा का शासन आने के बाद आतंकवाद पूर्ण रूप से समाप्त हुआ। धारा 370 समाप्त की, भगवान श्रीराम का भव्य राम मंदिर बना। कांग्रेस हमेशा सनातन के खिलाफ रही है। अब यह लड़ाई पार्टी की नही दो विचार धाराओं की लड़ाई है। उन्होंने लोगों को भाजपा के पक्ष में मतदान करने का आव्हान किया। उन्होने कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत पर तंज कसते हुए कहा कि म्हारे जोधपुर से एक टाबर आपरे अटे आयो है कही गुम नही होने देना। उन्होंने कहा, पूर्व मुख्यमंत्री को यह बता दो कि जालोर में आपने कोई विकास नही किया। इसलिए आपके पुत्र को वोट मिलने वाले नही हैं। वही मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि कांग्रेस राज में पत्थर लगाने का काम किया है। जो भी पत्थर लगे हैं वे सभी कार्य अभी तक अधुरे पड़े है। उन्होने कहा कि किसान जवाई बांध के पानी को लेकर धरने पर बैठे थे। उस समय पुखराज पाराशर किसानो को मुख्यमंत्री से वार्ता करने का कह कर जयपुर लेकर गये तथा वहा एक कमेटी गठन का कहकर धरना समाप्त करवा दिया। जबकि कमेटी का गठन आज दिन तक नही हुआ। कांग्रेस राज में विकास कार्य नही हुए।

नामांकन सभा को सांसद देवजी पटेल, प्रदेश मंत्री के. के. विश्नोई, ओटाराम देवासी, शेरगढ़ विधायक बाबूसिंह राठौड, आबू पिण्डवाडा विधायक समाराम गरासिया, सांचोर विधायक जीवाराम चौधरी, आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल, जगसीराम कोली, पुराराम चौधरी, अमराराम चौधरी, महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष रक्षा भण्डारी, पूर्व प्रदेश कोषााध्यक्ष दामादोर भूतडा, पूर्व मंत्री प्रभूलाल सैनी, जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजू सोलंकी सहित अन्य ने सम्बोधित किया। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा करीब सवा चार बजे मंच पहुंचे। देर से मुख्यमंत्री के पहुंचने के बाद भी लोगो की भीड़ नजर आई।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को जालोर के भगतसिंह स्टेडियम में स्थानीय भाजपा उम्मीदवार लुम्बाराम चौधरी की नामांकन सभा को सम्बोधित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल ने दावा किया कि, अभी प्रदेश भाजपा सरकार को सत्ता में आये साढ़े तीन महीने ही हुये हैं, लेकिन हमने करीब 80 फीसदी वादे पूरे किये हैं। मु. मंत्री ने वैभव गहलोत पर तंज करते हुये कहा, ''म्हारे जोधपुर से एक टाबर आपरे अठे आयो है, बीने कहीं गुम नहीं होने देणा।''*

- **मुख्यमंत्री ने अशोक गहलोत पर कटाक्ष किया कि, वे अपने गृह जिले में भी अपने बेटे को नहीं जिता पाए।**
- **केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने भी सभा को संबोधित किया और वैभव गहलोत के जोधपुर से जालोर-सिरोही आने पर कहा, जोधपुर से एक टाबर आपरे अठे आयो है। उन्होंने कहा, गहलोत को बता दो आपके बेटे को यहां वोट नहीं मिलेंगे, क्योंकि आपने काम नहीं किया।**

# 10 साल में रक्षा निर्यात साढ़े तीन गुना बढ़ा

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 3 अप्रेल। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को गाजियाबाद में आयोजित एक रैली में दावा किया कि भाजपा एक ऐसा भारत बनाना चाहती है जो वैश्विक समुदाय का नेतृत्व कर सके।

उन्होंने गर्व से यह उल्लेख किया कि दस वर्ष पूर्व भारत के रक्षा निर्यात महज 600 करोड़ रूपयों के थे जो अब बढ़कर 21,000 करोड़ रूपयों से अधिक हो गए है।

राजनाथ सिंह ने रेखांकित किया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व ने भारत की अर्थव्यवस्था का विश्व में 11वें से 5वें स्थान पर आना सुनिश्चित किया और अब इसके वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि नीति आयोग एवं वैश्विक रिपोटर्स के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी ने 25 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी की रेखा से ऊपर उठना सुनिश्चित किया है।

रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के वादे को पूर्ण करने का भी श्रेय दिया। जनसंघ के दिनों से ही पार्टी की प्रतिबद्धताओं में से यह एक था।

उन्होंने उन लोगों की आलोचना की जिन्हें आशंका रहती है कि सरकारी एजेन्सियाँ जानबूझकर गिरफ्तारियाँ करती है। उन्होंने ऐसे लोगों को सलाह दी कि वे अदालतों में जाकर विधिक प्रक्रिया अपनाएं। उन्होंने ध्यान दिलाया कि ऐसे लोगों की अधिकांश अपीलें ठोस साक्ष्य के अभाव में खारिज हो जाती हैं।

- **केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ग़ाज़ियाबाद की एक जनसभा में यह दावा किया और कहा कि, दस साल में रक्षा निर्यात 600 करोड़ रू. से बढ़ कर 21,000 करोड़ रू. का हो गया है।**

# शेखावाटी के लिए यमुना जल समझौते की समीक्षा बैठक हुई



*शेखावाटी क्षेत्र के लोगों तक यमुना जल समझौते का पानी पहुंचाने की योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार ने रेलवे के अधिकारियों के साथ बैठक की। जल संसाधन विभाग यमुना नदी के पानी की पाइपलाइन रेलवे लाइनों के सहारे -सहारे बिछाने की योजना पर काम कर रहा है।*

जयपुर, 3 अप्रेल। जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार ने बुधवार को शासन सचिवालय स्थित कक्ष में शेखावाटी के पेयजल हेतु यमुना जल समझौते को अमली जामा पहनाने के लिए रेलवे अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

उन्होंने बताया कि, इस समझौते के तहत लगभग 350 मिलियन क्यूबिक मीटर (एम.सी.एम.) जल उपलब्ध होगा तथा तीन मीटर चौड़ाई की तीन पाइपलाइन द्वारा यमुना जल शेखावाटी क्षेत्र में आएगा। यह प्रयास किया जा रहा है कि, एक पाइप लाइन के माध्यम से सम्बन्धित क्षेत्र में आने वाले जलाशयों को यमुना जल से भरा जा सके ताकि शेखावाटी पेयजल की इंदिरा गाँधी नहर परियोजना (आई.जी.एन.पी.) पर निर्भरता कम हो सके।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि, योजनान्तर्गत रेलवे ट्रैक के किनारे 302 किलोमीटर की पाइप लाइन बिछाई जाएगी।

इसके लिए रेलवे यार्डों को बाइपास करते समय पाइप लाइन बिछाने के लिए रेलवे ट्रैक के किनारे करीब 68 किलोमीटर लम्बाई उपलब्ध है तथा करीब 95 किलोमीटर लूप लम्बाई सहित लगभग 252 किलोमीटर एनएच/एसएच/ वीआर/निजी भूमि की आवश्यकता होगी। उत्तर पश्चिमी रेलवे के मुख्य अभियंता रतनलाल मीणा ने कहा कि, ट्रैक की सुरक्षा रेलवे के लिए बड़ा मुद्दा है, इसलिए उन्होंने, रेलवे ट्रैक को पाइप लाइन से अलग करने के लिए पूरी लम्बाई में दीवार बनाने का सुझाव दिया।

बैठक में इस बातको लेकर चिंता व्यक्त की गई कि, घनी आबादी वाले क्षेत्रों तथा पुलों एवं रेलवे लाइन के नीचे से गुजरने वाली सड़कों के किनारे रेलवे ट्रैक के साथ पाइप लाइन का गुजरेगी।

मुख्य अभियंता, जल संसाधन, भुवन भास्कर ने कहा कि, यमुना जल समझौते के तहत शेखावाटी क्षेत्र को, पेयजल एवं सिंचाई के लिए हथिनी कुण्ड से पाइप लाइन के माध्यम से सम्बन्धित क्षेत्रों में जल उपलब्ध कराया जाएगा।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि, हथिनी कुण्ड से हिसार तक मौजूद कैनाल के साथ- साथ पाइप लाइन बिछाने की संभावना तलाशें। उत्तर पश्चिमी रेलवे के मुख्य अभियंता मीणा ने मानचित्र के माध्यम से रेलवे ट्रैक की स्थिति, पाइप लाइन के क्षेत्र में आने वाले स्ट्रक्चर, अण्डर पास की स्थिति के बारे में तथा इस परियोजना से जुड़ी रेलवे की समस्याओं के बारे में अवगत कराया।

- **बैठक में रेल्वे ट्रैक के साथ पाइप लाइन बिछाने की संभावनाओं पर चर्चा हुई।**
- **जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार ने रेल्वे अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।**
- **अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि, रेल्वे ट्रैक के किनारे 302 किलोमीटर लम्बी पाइप लाइन बिछाने की योजना है।**

# बॉक्सिंग खिलाड़ी विजेंदर सिंह भाजपा में शामिल

नयी दिल्ली, 3 अप्रैल (वार्ता)। पूर्व कांग्रेस नेता एवं बॉक्सिंग खिलाड़ी विजेंदर सिंह बुधवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए।

पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, राष्ट्रीय मीडिया के सह-प्रमुख डॉ. संजय मयूख, विधायक एवं लोकसभा प्रत्याशी रामवीर सिंह बिधूड़ी और दिल्ली भाजपा प्रदेश के वरिष्ठ नेता राजीव बब्बर की उपस्थिति में वह भाजपा में शामिल हुए।

तावड़े ने भाजपा परिवार में उनका स्वागत करते हुए कहा कि सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प में अपना योगदान देने के लिए भाजपा में शामिल होने का निर्णय लिया है। उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वायनाड में राहुल गांधी एसडीपीआई का समर्थन ले रहे हैं, जो प्रतिबंधित संगठन पीएफआई की राजनीतिक सहयोगी मानी जाती है। टुकड़े-टुकड़े गैंग के प्रति कांग्रेस का प्रेम जारी है।

राष्ट्रीय महासचिव ने इंडिया समूह पर हमला बोलते हुए कहा कि यह विडंबना है कि गांधी के खिलाफ उनके ही गठबंधन के सहयोगी दल भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के नेता चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के विज्ञापन में उनके अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे का फोटो नहीं है। क्या कांग्रेस को ये डर है कि किसी नेता की फोटो लगाने से कांग्रेस के वोट कम होने वाले हैं? सिंह ने मोदी, भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह उनकी घर वापसी है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज जिस तरह से देश-विदेश में खिलाड़ियों का सम्मान बढ़ा है, वह सराहनीय है।

## कांग्रेस व ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

की राजनीति होती है। इसलिए आज कांग्रेस में कोई काम नहीं करना चाहता और आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी पूरी तरह खत्म हो जाएगी। सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम के दौरान मंच पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं विधायक कुलदीप धनखड़ और प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ मौजूद थे।

## रॉबर्ट वाड्रा ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

लिए कांग्रेस पार्टी गठबंधन करने के लिए बहुत बेचैन रही है।

उत्तर प्रदेश की इन्चार्ज, ए.आई.सी.सी. महासचिव रहीं प्रियंका गाँधी, अपने कार्यकाल में ना तो, जमीन पर औंधे मुंह गिर चुके पार्टी संगठन को तैयार कर पाईं, ना ही पार्टी नेताओं के बहिर्गमन को रोक पाईं, जिनमें से कई नेताओं ने तो यू.पी. में उनके नेतृत्व काल में पार्टी छोड़ दी थी।

आज कांग्रेस जिस संकट का सामना कर रही है, उसका संकेत अमेठी या रायबरेली जैसी वी.वी.आई.पी. सीटों की नियति से मिलता है और इन सीटों से गाँधी परिवार की संभावित अनुपस्थिति कांग्रेस पार्टी की दुःखद स्थिति का लक्षण है।

## अम्बानी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

84 अरब डॉलर, शिव नाडार- 36.9 अरब डॉलर, सावित्री जिन्दल एवं परिवार- 33.5 अरब डॉलर, दिलीप सांघवी- 26.7 अरब डॉलर, सायरस पूनावाला- 21.3 अरब डॉलर, कुशल पाल सिंह- 20.9 अरब डॉलर, कुमार मंगलम बिड़ला- 19.7 अरब डॉलर, राधाकिशन दामानी- 17.6 अरब डॉलर, लक्ष्मी मित्तल- 16.4 अरब डॉलर।

# पूर्व कांग्रेस सरकार में 81 विधायकों के इस्तीफे के केस में पूर्व मंत्री महेश जोशी व धारीवाल भी होंगे पक्षकार

## राजस्थान हाई कोर्ट ने भाजपा नेता राजेन्द्र राठौड़ की याचिका पर जोशी, धारीवाल सहित 6 विधायकों को पक्षकार बनाने की स्वीकृति दे दी

जयपुर, 3 अप्रैल (का.सं.)। राजस्थान हाइकोर्ट ने, पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में तत्कालीन 81 विधायकों द्वारा इस्तीफा देने से जुड़े मामले में मंत्री शांति धारीवाल व महेश जोशी सहित रफीक खान, महेन्द्र चौधरी, रामलाल जाट व संयम लोढा को पक्षकार बनाने के लिए पेश प्रार्थना पत्र को स्वीकार कर लिया है। चीफ जस्टिस (सी.जे.) एम.एम. श्रीवास्तव व जस्टिस भुवन गोयल की खंडपीठ ने यह आदेश भाजपा नेता राजेन्द्र सिंह राठौड़ की जनहित याचिका में शांति धारीवाल सहित अन्य को पक्षकार बनाने के लिए पेश प्रार्थना पत्र पर दिए। अदालत ने मामले की अंतिम बहस अगस्त माह में तय की है। इन छह तत्कालीन विधायकों ने अपने व 75 अन्य विधायकों के इस्तीफे 25 सितंबर, 2022 को स्पीकर को सौंपे थे।

अधिवक्ता हेमंत नाहटा ने बताया कि, याचिकाकर्ता राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने शांति धारीवाल सहित अन्य को इस मामले में पक्षकार बनाने के लिए यह प्रार्थना पत्र इसलिए दायर किया है, ताकि पता चल सके कि, कांग्रेस के 81 विधायकों ने किसके दबाव में विधानसभा स्पीकर को इस्तीफे सौंपे थे। दरअसल इस मामले में पिछली सुनवाई पर मौजूदा स्पीकर का जवाब आया था। जिसमें कहा गया था कि, विधायकों ने अपना इस्तीफा वापस लेने वाले प्रार्थना पत्रों में कहा था कि, उन्होंने इस्तीफे स्वैच्छिक तौर पर नहीं दिए गए थे और कई ने कहा था कि, उन्होंने अपने इस्तीफे व्यक्तिगत तौर पर उपस्थित होकर नहीं दिए थे। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत को कहा गया था कि, इस्तीफा देने के बाद इन 81 विधायकों ने वेतन भत्तों के तौर पर करीब 18 करोड रुपए प्राप्त किए हैं। ऐसे में इस बिन्दु पर उचित आदेश दिए जाएं। इसके अलावा स्पीकर के समक्ष लंबित इस्तीफों के संबंध में निर्णय करने की अधिकतम समय सीमा तय की जाए।

- **जोशी और धारीवाल के अलावा पक्षकार बनाए जाने वाले चार अन्य विधायक हैं, रफीक खान, महेन्द्र चौधरी, राम लाल जाट और संयम लोढ़ा।**
- **राठौड़ के अधिवक्ता ने कहा, यह प्रार्थना पत्र इसलिए दायर किया गया, ताकि, पता चल सके कि, 81 विधायकों ने किस दबाव में इस्तीफा दिया था।**

## चंदे से भव्य...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

समिति के नाम पर फण्ड्स एकत्रित किए गए हैं। वर्तमान में संगठन का संचालन उदासीन आश्रम से हो रहा है। आर.एस.एस. के एक पदाधिकारी ने दावा किया कि केवल चेक के माध्यम से ही डोनेशन लिए जा रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि आर.एस.एस. और उसके सहयोगी संगठन अन्ततः इन मल्टी टावर दफ्तरों में ही शिफ्ट होंगी। उन्होंने बताया कि नागपुर संघ का मुख्य मुख्यालय बना रहेगा, लेकिन साथ ही इस नए मुख्यालय की भी प्रमुखता रहेगी क्योंकि कई महत्वपूर्ण निर्णय देश की राजधानी में ही लिए जाते हैं। यदि आर.एस.एस. प्रमुख मोहन भागवत भाजपा के साथ बेहतर समन्वय को लेकर अपना ऑफिस दिल्ली शिफ्ट कर लें तो, इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी।

## संजय निरूपम ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

विरोध करता हूँ। उस समय निरूपम ने घोषणा की थी कि वह पार्टी का शिव सेना यू.बी.टी. के साथ सीट बंटवारे की व्यवस्था पर पुर्नविचार करने का एक सप्ताह तक इंतजार करेंगे और फिर अपने निर्णय की घोषणा करेंगे। निरूपम ने कहा था, मेरे लिए सारे विकल्प खुले हैं। शिव सेना यू.बी.टी. के महाराष्ट्र की 21सीटों के उम्मीदवारों की घोषणा से, महाराष्ट्र विकास अघाड़ी के दो अन्य घटक दलों को बैचेन कर दिया है। महाराष्ट्र विकास अघाड़ी सहयोगियों को लोकसभा चुनावों के लिए सीट बंटवारे की व्यवस्था को अभी अंतिम रूप देना है। महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव 19 अप्रेल को शुरू होकर पांच चरणों में सम्पन्न होंगे।

## वैभव का प्रचार ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

की भाषा में जवाब देने में मैं कोई लाभ नहीं देखता। हमारे राज्य और मेरे खुद के लिए यह अच्छा है। पायलट ने कहा कि, आज मैं गर्व से कह सकता हूं कि मैंने ऐसे शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया, जो सार्वजनिक जीवन में पद और प्रतिष्ठा के खिलाफ हों। मुझे बचपन से सिखाया गया कि, कैसी भी परिस्थिति हो, बड़ों का आदर करना चाहिए और इसका मैंने हमेशा पालन किया है।

# एस.ओ.जी. ने राजस्थान पुलिस अकादमी से 11 ट्रेनी उप निरीक्षक और गिरफ्तार किए

## एस.आई. भर्ती परीक्षा-2021 पेपर लीक और डमी कैंडिडेट मामले में एस.ओ.जी. की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर, 3 अप्रेल। सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा-2021 पेपर लीक और डमी कैंडिडेट मामले में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एस.ओ.जी.) ने बुधवार को भी दो महिलाओं समेत 11 प्रशिक्षु उप निरीक्षकों को गिरफ्तार किया है। यह सभी 11 सब इंस्पेक्टर भी राजस्थान पुलिस अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे थे। इसके अलावा एस.ओ.जी. ने जोधपुर से एक पुलिस कांस्टेबल अभिषेक चौधरी को भी हिरासत में लिया है। कांस्टेबल अभिषेक ने भी उप निरीक्षक परीक्षा पास कर ली थी, लेकिन उसने जॉइनिंग नहीं की थी। इसी आधार पर एस.ओ.जी. ने कांस्टेबल को गिरफ्तार किया है। कांस्टेबल को परीक्षा से पहले पेपर प्राप्त कर लिया था। उसी के माध्यम से उसने परीक्षा पास की थी। इन सभी आरोपियों को एस.ओ.जी. गुरुवार को कोर्ट में पेश करेगी। एस.ओ.जी. 4 अन्य सब इंस्पेक्टरों से पूछताछ करने में जुटी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एस.ओ.जी. ने एस.आई. भर्ती परीक्षा 2021 में पेपर लीक और डमी कैडिडेंट मामले में सुरेंद्र कुमार बगड़िया निवासी धौंद सीकर, दिनेश विश्नाई निवासी भगतासनी जोधपुर, मालाराम विश्नोई निवासी कल्याणपुर बाड़मेर, राकेश जाट निवासी झुंझुनूं, सुभाष विश्नोई निवासी जोधपुर, अजय विश्नोई निवासी जोधपुर, जयराज सिंह निवासी देशनोक बीकानेर, मनीष बेनीवाल निवासी नोखा बीकानेर, मंजू विश्नोई निवासी बाड़मेर, चेतन सिंह मीणा निवासी टोंक और हरखू चौधरी चौहटन बाड़मेर को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा एस.ओ.जी. ने कांस्टेबल अभिषेक विश्नोई निवासी सदर बाजार जोधपुर को भी गिरफ्तार किया गया है।

मंगलवार को राजस्थान पुलिस अकादमी से गिरफ्तार किए गए 15 प्रशिक्षणरत सब इंस्पेक्टरों से पूछताछ में भी कई खुलासे हुए हैं। बताया जा रहा है कि इन 15 उप निरीक्षकों में 5 के स्थान पर डमी कैंडिडेट्स ने परीक्षा दी थी, जबकि शेष 10 लोगों ने लीक हुए पेपर के माध्यम से परीक्षा दी थी। यही वजह है कि पूर्व में 14 ट्रेनी सब इंस्पेक्टरों की गिरफ्तारी के बाद इन आरोपियों ने गुपचुप में जनरल नॉलेज की तैयारी शुरू कर दी थी।

सूत्रों की मानें तो एस.ओ.जी. के निशाने पर अभी भी करीब 200 सब इंस्पेक्टर है, जिन पर लगातार नज़र रखी जा रही है। एस.ओ.जी. को विभिन्न माध्यमों से नित नई जानकारी मिल रही है।

बताया जा रहा है कि सबसे पहले पकड़े गए 14 ट्रेनी एस.आई. से जब एस.ओ.जी. से जब एसओजी ने गिरफ्तारी के दौरान पूछताछ की तो उनका बेसिक नॉलेज 10वीं कक्षा के छात्र से भी कम था। इस पर एसओजी ने वर्ष 2021 में इन लोगों द्वारा दी गई परीक्षा दोबारा से कराने का प्लान बनाया। एस.आई. से डमी पेपर सॉल्व करवाने के बाद उन कॉपियों की एक्सपर्ट के जरिए अलग से जांच करवाई गई है। सभी कैंडिडेट की कॉपी को एस.ओ.जी. ने अपने मालखाने में जब्त कर लिया है। यह इस केस की पड़ताल का एक पक्ष है जिससे आने वाले समय में कोर्ट को अवगत कराया जाएगा। कोर्ट के सामने तथ्य रखे जाएंगे कि एस.आई. भर्ती परीक्षा 2021 को अच्छे नंबरों से पास करने वालों की मौजूदा स्थिति क्या है। इस से कोर्ट भी इन की मौजूदा मानसिकता के बारे में जान सकेंगे।

बताया जा रहा है कि आर.पी.ए. में प्रशिक्षण ले रहे इन15 ट्रेनी उप निरीक्षकों के बारे में भी बार-बार शिकायतें मिल रही थीं। इसके बाद उन्होंने संदिग्ध लगने वाले ट्रेनी सब इंस्पेक्टर से पूछताछ करने का प्लान बनाया। इसके बाद मंगलवार की सुबह टीमें आरपीए पहुंची। उस दौरान ये लोग क्लास में मौजूद थे। आरपीए के किशनगढ़ सेंटर में ट्रेनिंग कर रहे कुछ एस.आई. कार्रवाई के बाद से गायब हैं। हालांकि एस.ओ.जी. ने इसकी जानकारी मीडिया से साझा नहीं की है कि ये लोग सेंटर से क्यों गायब हैं। गायब रहने वाले सभी ट्रेनी एस.आई. की विशेष टीम बनाकर पड़ताल की जा रही है।

एस.ओ.जी. ने बुधवार को 25 से ज्यादा परीक्षाओं में डमी कैंडिडेट बनकर बैठने वाले सरकारी टीचर को भी गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी रोशन लाल मीणा ने डमी कैंडिडेट के रूप में बैठने की बात कबूली है।

डीआईजी परिस देशमुख ने बताया कि दौसा निवासी सरकारी टीचर रोशन लाल मीणा साल 2017 से सरकारी टीचर है। फिलहाल सरकारी अंग्रेजी मीडियम स्कूल, प्यारीवास (दौसा) में थर्ड ग्रेड टीचर हैं। वह राज्य सरकार की 16 और भारत सरकार की 4 परीक्षा में बैठा है। सरकारी टीचर लगने से पहले से वह डमी कैंडिडेट बनकर परीक्षा में बैठता रहा है। राजस्थान पुलिस की आईबी यूनिट में तैनात साल 2018 बैच के एस.आई. मनीष मीणा, उसके सगे भाई दिनेश मीणा के लिए भी आरोपी ने डमी कैंडिडेट के रूप में परीक्षा दी थी। दिनेश मीणा अभी एल.डी.सी. के पद पर तैनात हैं।

रोशन मीणा ने साल 2021 में भी मनीष मीणा के भाई दीपक मीणा के लिए एस.आई. भर्ती परीक्षा डमी कैंडिडेट के रूप में दी थी। दीपक मीणा लिखित परीक्षा में पास हो गया, लेकिन फिजिकल में फेल हो गया था। रोशन लाल मीणा ने पुलिस को 6 लोगों की जानकारी दी है, जिनके लिए उसने डमी कैंडिडेट बनकर परीक्षा दी थी। इनमें से 5 लोग मौजूदा समय में सरकारी नौकरी कर रहे हैं। मनीष मीणा के मामा महेश मीणा के लिए भी आरोपी रोशन परीक्षा में बैठा था, महेश अभी दौसा में एल.डी.सी. के पद पर तैनात है। एक और व्यक्ति है सागर मीणा, जिसके लिए आरोपी ने पटवारी भर्ती परीक्षा दी थी। रोशन मीणा अपने सगे भाई के लिए भी परीक्षा में बैठ चुका है, जो आज पटवारी है। अभी तक की जानकारी के अनुसार आरोपी 6 लोगों के लिए डमी कैंडिडेट के रूप में बैठा था, जिसमें से 5 सरकारी नौकरी में हैं। आरोपी रोशन मीणा वर्ष 2018 में एस.आई. मनीष मीणा के लिए न केवल परीक्षा में डमी कैंडिडेट के रूप में बैठा, बल्कि आर.पी.एस.सी. में इंटरव्यू में भी बैठा था। एस.ओ.जी. की इस कार्रवाई के बाद सभी आरोपी फरार हो गए हैं।

- **जोधपुर से हिरासत में लिया गया कांस्टेबल अभिषेक विश्नोई भी उपनिरीक्षक पद पर चयनित हो गया था।**
- **एस.ओ.जी. ने एक अन्य कार्रवाई करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं में डमी कैंडिडेंट बनकर बैठने वाले थर्ड ग्रेड टीचर रोशन लाल मीणा को भी गिरफ्तार किया है।**
- **बताया जा रहा है कि, एस.ओ.जी. ने जिन 15 ट्रेनी उप निरीक्षकों को मंगलवार को पकड़ा था, उनमें से 5 लोगों ने डमी अभ्यर्थी तथा शेष 10 लोगों ने पेपर लीक के माध्यम से परीक्षा दी थी।**

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा मैसर्स अरावली प्रिन्टर्स, राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर (राजस्थान) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 65015/96, जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34 फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032, फैक्सः0744-2386033, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः 2200660, फैक्स 0151-2527371, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्सः 01562-256908